
नमामीशमीशान निर्वाणरूपं विभुं व्यापकं ब्रह्मवेदस्वरूपम् । निजं निर्गुणं निर्विकल्पं निरीहं चिदाकाशमाकाशवासं भजेऽहम् ।

# सांध्य ज्योति दर्पण

www.sandhyajyotidarpan.com

वर्ष 37 | अंक 258 | जयपुर, सोमवार, 11 अगस्त, 2025 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य : 2 रु.

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन । मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि॥





पेज-5 भारतीय महिला फुटबॉल...

कृष्ण जन्माष्टमी से पहले जरूर... पेज-6


उदयपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बारां, कोटा, बीकानेर, सवाईमाधोपुर, टोंक, सीकर, झुंझुनूं, दौसा, अजमेर, रींगस, श्रीमाधोपुर, खाटूश्यामजी, लक्ष्मणगढ़, चौमूं व कुचामनसिटी में प्रसारित।




# वोट चोरी : सड़कों पर विपक्ष, पुलिस ने रोका

## आयोग ने दिया समय, पुलिस ने नहीं दी अनुमति

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेन्सी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की अगुवाई में इंडिया ब्लॉक के सांसद सोमवार को राजधानी में शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। बिहार में मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ लोकसभा और राज्यसभा के 300 सांसद संसद भवन से चुनाव आयोग के दफ्तर तक पैदल मार्च कर रहे हैं। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी चीफ अखिलेश यादव, टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी समेत कई सांसद शामिल हैं। एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग के अधिकारियों से भी मिलेगा। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक विपक्ष को इस मार्च के लिए पुलिस से अनुमति नहीं मिली है। विपक्ष के किसी भी नेता या पार्टी ने पुलिस से अनुमति मांगी ही नहीं है। विपक्ष ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दोनों निर्वाचन आयुक्तों से मिलने के लिए समय मांगा था जिस पर चुनाव आयोग ने सोमवार 12 बजे मुलाकात का समय दिया है। चुनाव आयोग ने प्रतिनिधिमंडल में केवल 30 लोगों को शामिल करने का अनुरोध किया है।

### आज शाम दूसरी डिनर मीटिंग

उधर सोमवार को ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के सांसदों के लिए डिनर भी रखा गया है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि ये डिनर दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित एक में होगा जिसमें इंडिया ब्लॉक के सभी सांसदों के शामिल होने की संभावना है। ये दूसरी बार है जब इस मुद्दे पर कांग्रेस ने डिनर मीटिंग रखी है। इससे पहले राहुल गांधी के आवास पर इंडिया ब्लॉक के नेता जुटे थे। इस मीटिंग में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार, नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, द्रमुक के तिरुचि शिवा समेत 25 दलों के नेता मौजूद थे।

## एक देश-एक चुनाव जेपीसी की बैठक आज

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेन्सी)।** एक देश एक चुनाव विधेयक पर सोमवार को संयुक्त संसदीय समिति की बैठक होगी। ये बैठक दोपहर 3 बजे होगी। इस दौरान समिति के सदस्य विशेषज्ञों के एक पैनल के साथ बातचीत करेंगे। जानकारी के अनुसार जेपीसी की ये बैठक संसदीय सौध के मुख्य समिति कक्ष में होगी। बैठक में अपने विचार साझा करने के लिए कई विशेषज्ञ पहुंचेंगे। बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। उनमें दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस के प्रो जी गोपाल रेड्डी, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रो सुषमा यादव, पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे, राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद की प्रो शीला राय और गुवाहाटी विश्वविद्यालय के प्रो ननी गोपाल महंत शामिल हैं। इसके अलावा जेपीसी 19 अगस्त को वन नेशन वन इलेक्शन विधेयक पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के साथ बातचीत करेगी।

# शिक्षक भर्ती में बड़ा घोटाला, गहलोत राज की फर्जी नियुक्तियां होंगी रद्द!

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** प्रदेश में शिक्षा विभाग में अध्यापक के लिए हुई भर्ती में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। पुलिस और शिक्षा विभाग की संयुक्त जांच में खुलासा हुआ है कि वर्ष 2018 और 2021 में आयोजित लेवल-1 अध्यापक भर्ती परीक्षाओं में दर्जनों अभ्यर्थियों ने फर्जी दस्तावेज और नकल के सहारे परीक्षा पास कर ली थी। इन अभ्यर्थियों ने नियुक्ति के बाद कई साल तक सरकारी स्कूलों में नौकरी भी की। अब शिक्षा निदेशालय की रिपोर्ट में 72 से अधिक नाम चिन्हित हुए हैं जिनकी नियुक्तियां रद्द करने की तैयारी है और कई के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई भी तय है।

### परीक्षा के दौरान हुई नकल

इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब कुछ जिलों से शिकायतें आईं कि नियुक्त अध्यापकों के शैक्षणिक दस्तावेज संदिग्ध हैं। कई मामलों में जन्मतिथि, जाति प्रमाण पत्र और योग्यता प्रमाण पत्र मेल नहीं खा रहे थे। शिक्षा विभाग ने प्रारंभिक जांच में पाया कि अभ्यर्थियों ने न केवल फर्जी मार्कशीट लगाईं बल्कि परीक्षा के दौरान भी संगठित तरीके से नकल कराई गई। इसके बाद विभाग ने मामले को पुलिस को सौंपा।

### अभ्यर्थियों ने लगाए फर्जी दस्तावेज

एसओजी और जिला पुलिस ने अलग-अलग जिलों में नियुक्त अध्यापकों के दस्तावेजों की जांच शुरू की। इस दौरान यह सामने आया कि कुछ मामलों में एक ही सीरियल नंबर और रोल नंबर का उपयोग अलग-अलग अभ्यर्थियों ने किया था। जांच में पाया गया कि वर्ष 2018 और 2021 की लेवल-1 भर्ती परीक्षाओं में यह फर्जीवाड़ा बड़े पैमाने पर हुआ। 2018 की भर्ती में 46 और 2021 की भर्ती में 26 अभ्यर्थियों के दस्तावेज फर्जी पाए गए। 2021 की भर्ती में ऑनलाइन प्रक्रिया और डिजिटल सत्यापन के बावजूद यह धोखाधड़ी हो गई जिससे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठे हैं। अब तक विभिन्न जिलों में 18 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं।

### 72 अभ्यर्थियों की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश

इनमें धोखाधड़ी, जालसाजी, सरकारी दस्तावेजों में हेरफेर और आपराधिक षड्यंत्र की धाराएं शामिल की गई हैं। कई अभ्यर्थियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है जबकि कुछ फरार चल रहे हैं। इस पूरे नेटवर्क में दलाल, कोचिंग संचालक और विभाग के अंदरूनी लोग भी शामिल हो सकते हैं। फिलहाल जांच का दायरा बढ़ाकर उन व्यक्तियों तक पहुंचने की कोशिश हो रही है जिन्होंने फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए और नकल गिरोह से संपर्क साधा।

# बड़ा हादसा टला, रनवे पर खड़ा था दूसरा विमान

## तकनीकी खराबी, चेन्नई उतारा गया एयर इंडिया का विमान

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेन्सी)।** तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के एक विमान को तकनीकी समस्या के कारण रविवार शाम चेन्नई भेजा गया। जानकारी के अनुसार इस फ्लाइट में पांच सांसद भी मौजूद थे। केसी वेणुगोपाल, कोडिक्कुनिल सुरेश, अडूर प्रकाश, के राधाकृष्णन और रॉबर्ट ब्रूस इस विमान से दिल्ली जा रहे थे। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, 10 अगस्त को तिरुवनंतपुरम से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एआई-2455 के चालक दल ने संदिग्ध तकनीकी दिक्कत और खराब मौसम के कारण विमान को




एहतियातन चेन्नई की ओर मोड़ दिय। इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट भी किया और इसे एक भयावह घटना बताया। उन्होंने पोस्ट कर बताया कि इस विमान में उनके अलावा और भी सांसद थे और यात्री थे। उन्होंने लिखा जो एक विलंबित प्रस्थान से शुरू हुआ, वह एक कष्टदायक यात्रा में बदल गया। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हमें अभूतपूर्व टर्बुलेन्स का सामना करना पड़ा। लगभग एक घंटे बाद कैप्टन ने उड़ान सिग्नल में खराबी की घोषणा की और विमान को चेन्नई की ओर मोड़ दिया। लगभग दो घंटे तक हम उतरने की अनुमति का इंतजार करते हुए हवाई अड्डे के चक्कर लगाते रहे। पहले प्रयास के दौरान उसी रनवे पर एक और विमान था। उस क्षण में कैप्टन के लैंड न करने के फैसले ने विमान में सवार सभी लोगों की जान बचा ली। दूसरे प्रयास में विमान सुरक्षित उतर गयाण् हम कौशल और भाग्य से बच गए।

## इजरायली सेना ने मारे डाले 5 पत्रकार

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेन्सी)।** इजरायल की ओर से गाजा में किए गए हमले में पांच पत्रकारों की मौत हो गई जिनमें कतर के मीडिया हाउस अलजजीरा के अनस अल शरीफ भी शामिल हैं। गाजा शहर के अल शिफा अस्पताल के पास पत्रकारों के लिए बने एक तंबू पर हुए इजरायली हमले में इन लोगों की मौत हो गई। एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार देर शाम गाजा शहर के अल शिफा अस्पताल के मुख्य द्वार के बाहर स्थित तंबू पर हुए हमले में 7 लोगों की जान चली गई। इनमें अल जजीरा के संवाददाता मोहम्मद करीकेह और कैमरामैन इब्राहिम जहीर, मोहम्मद नौफल और मोअमेन अलीवा शामिल हैं।

## उत्तरकाशी में नया खतरा मंडराया

### एक किमी लंबी झील से बाढ़ का खतरा

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेन्सी)।** उत्तरकाशी के धराली में आई त्रासदी के बाद भागीरथी नदी के पास एक नई झील का निर्माण हो गया है। ये झील खीर गंगा और तैलसांग नदी के मलबे की वजह से बन गई है जिसने भागीरथी के प्रवाह को रोक दिया है। इसके चलते यहां करीब एक किलोमीटर लंबी झील बन गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इस झील का समय रहते वैज्ञानिक तरीके से ट्रीटमेंट नहीं किया गया तो अचानक पानी का बहाव नीचे की ओर आकर विनाशकारी बाढ़ ला सकता है। झील निर्माण से बढ़े खतरे को देखते हुए प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। सीएम धामी ने बताया कि इस झील को मैनुअल तरीके से चैनलाइज किया जाएगा।

# राजस्थान के 9 राजनीतिक दलों का पंजीयन रद्द

- चार दल जयपुर के पते पर थे रजिस्टर्ड
- गैर मान्यता प्राप्त दलों पर चुनाव आयोग का चाबुक

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** केंद्रीय चुनाव आयोग ने राजनीतिक दल का पंजीयन कराकर सालों तक चुनाव नहीं लड़ने और पंजीकरण की आड़ में कई प्रकार की छूट लेने वालों पर कड़ी कार्रवाई की है। आयोग ने देशभर में 334 पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की का पंजीकरण रद्द कर दिया है। इन दलों में नौ दल राजस्थान के भी हैं जिसमें से चार दल जयपुर के पते पर पंजीकृत करवाए गए थे।




चुनाव आयोग ने यह कार्रवाई शनिवार को की। आयोग ने साफ किया कि जिन पंजीबद्ध गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का पंजीयन रद्द किया गया है, उन्होंने 6 साल या इससे अधिक समय से किसी भी चुनाव में भाग नहीं ले लिया था। ऐसे में उनका पंजीयन रद्द करना आवश्यक हो गया था। अब यह दल आयकर अधिनियम के तहत मिलने वाली छूट का लाभ नहीं ले सकेंगे ना ही सिंबल का उपयोग कर सकेंगे। हालांकि चुनाव आयोग ने इन दलों को 30 दिन का समय दिया है जिसमें वे पंजीयन रद्द करने के फैसले के खिलाफ आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

### राजस्थान के वे दल जिनका पंजीयन रद्द किया गया

- भारत वाहिनी पार्टी, जयपुर
- भारतीय जनहितकारी पार्टी, जयपुर
- नेशनलिस्ट पीपुल्स फ्रंट, जयपुर
- स्वच्छ भारत पार्टी, जयपुर
- खुशहाल किसान पार्टी, भरतपुर
- महाराणा क्रांति पार्टी, श्रीगंगानगर
- नेशनल जनसत्ता पार्टी, शाहपुरा (जयपुर)
- राजस्थान जनता पार्टी, अलवर
- राष्ट्रीय जन सागर पार्टी, बारां

### सबसे ज्यादा दल यूपी के

चुनाव आयोग ने जिन पंजीबद्ध गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की का पंजीयन रद्द किया, उनमें सर्वाधिक 114 उत्तर प्रदेश के हैं। इसके अलावा दिल्ली के पते पर रजिस्टर्ड 29 दल, तमिलनाडु में 22, हरियाणा में 21, मध्य प्रदेश में 15 और महाराष्ट्र में 10 दल शामिल हैं।

## तेजस्वी, पप्पू यादव की सुरक्षा बढ़ी

**पटना, 11 अगस्त (एजेन्सी)।** आगामी चुनाव को देखते हुए बिहार के छह नेताओं की सुरक्षा बढ़ा गई है। इन नेताओं में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह, बाढ़ से भाजपा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू और जदयू कोटे से एमएलसी नीरज कुमार शामिल हैं।

## संसद की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेन्सी)।** मतदाता सूची के मुद्दे पर जारी विवाद को लेकर विपक्ष ने सदन में जमकर नारेबाजी की। विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई।

# ...तो हम आधी दुनिया को ले डूबेंगे

## अमेरिका में बैठे मुनीर ने दी गीदड़ भभकी

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेन्सी)।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने अमेरिका में बैठकर गीदड़ भभकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत से युद्ध में पाकिस्तान को अस्तित्व संकट का सामना करना पड़ा तो वे पूरे क्षेत्र को परमाणु युद्ध में धकेल देंगे। उन्होंने कहा, हम एक परमाणु राष्ट्र हैं। अगर हमें लगे कि हम हार रहे हैं तो हम आधे दुनिया को साथ लेकर डूब जाएंगे। यह पहली बार है जब अमेरिकी धरती पर ऐसे परमाणु खतरे सामने आए हैं। द प्रिंट की स्टोरी के मुताबिक मुनीर ने कहा कि भारत ने सिंधु जल संधि को रोक दिया है जिससे 2.5 करोड़ लोग भूखे मर सकते हैं। पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने गीदड़



भभकी देते हुए कहा कि जब भारत कोई बांध बनाएगा तो वे दस मिसाइलों से उसे तबाह कर देंगे। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल ने कहा कि सिंधु नदी पर भारत का निजी मालिकाना हक नहीं है और हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है।

### अमेरिकी समारोह में पाक सैन्य प्रमुख का भाषण

यह धमकी एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम में दी गई जिसका आयोजन फ्लोरिडा के टाम्पा में व्यवसायी अदनान असद ने किया था। समारोह की शुरुआत में कुरान की आयत और पाकिस्तान के राष्ट्रीय गान से हुई। इस अवसर पर मेहमानों को मोबाइल फोन और डिजिटल डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं थी और भाषण का कोई लिखित दस्तावेज भी जारी नहीं किया गया।

### भारत पर तीखे व्यंग्य और युद्ध की रणनीति

मुनीर ने भारत को अपनी युद्ध हानियों को स्वीकार करने की सलाह दी और कहा कि खेल भावना दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पूर्वी भारत से हमला शुरू करेगा जहां भारत की कीमती संपत्तियां हैं और फिर पश्चिम की ओर बढ़ेगा। उन्होंने भारत को चमकती मर्सिडीज कार और पाकिस्तान को बजरी से भरा डंप ट्रक बताया और कहा कि यदि ट्रक कार से टकराएगा तो कौन हारेगा।

# 30 लाख किसानों के खाते में आएंगें 3200 करोड़

## केन्द्रीय कृषि मंत्री और सीएम की मौजूदगी में होगा कार्यक्रम

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** झुंझुनूं में सोमवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत 30 लाख किसानों को 3200 करोड़ रुपए की फसल बीमा दावा राशि ट्रांसफर की जाएगी। पूरे देश में डिजिटल वितरण के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और कृषि मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा आएंगे। इस दौरान साल 2023-24 और वर्ष 2024-25 की फसल बीमा क्लेम राशि खातों में ट्रांसफर होगी। आधिकारिक बयान के अनुसार कुल दावा राशि में मध्य प्रदेश के किसानों को 1156 करोड़ रुपए, राजस्थान के किसानों को 1121 करोड़ रुपए, छत्तीसगढ़ के किसानों को 150 करोड़ रुपए और अन्य राज्यों के किसानों को 773 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए जाएंगे।

**केंद्र ने शुरू की नई सरलीकृत प्रणाली:** केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र ने किसानों के हित में एक नई सरलीकृत दावा निपटान प्रणाली लागू की है जिसके तहत राज्य के प्रीमियम अंशदान का इंतजार किए बिना केवल केंद्रीय सब्सिडी के आधार पर दावों का आनुपातिक भुगतान किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि खरीफ 2025 सत्र से अगर कोई राज्य सरकार अपने सब्सिडी अंशदान में देरी करती है तो उस पर 12 प्रतिशत का जुर्माना लगाया जाएगा।

## 350 अंक चढ़ गया बाजार

**मुंबई, 11 अगस्त (एजेन्सी)।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 350 अंक चढ़कर 80,220 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 100 अंक की तेजी है और ये 24,470 के ऊपर है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट है। एसबीआई, एनटीपीसी और ट्रेंट के शेयर्स 1 फीसदी चढ़े हैं जबकि आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व में मामूली गिरावट है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 में तेजी और 15 में गिरावट है। एनएसई के पीएसयू बैंकिंग इंडेक्स में सबसे ज्यादा 1.5 फीसदी की तेजी है। ऑटो, मेटल, रियल्टी और फार्मा भी ऊपर हैं।

# अब सांसद रहेंगे लक्जरी फ्लैट में

## पीएम ने किया चार टावरों का उद्घाटन

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेन्सी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए बनाए गए 184 नए फ्लैट्स का उद्घाटन किया। ये सभी फ्लैट्स टाइप-7 के मल्टी स्टोरी अपार्टमेंट हैं। इस मौके पर मोदी ने सिंदूर का पौधा भी लगाया। इसके अलावा श्रमजीवियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा, इन चार टावरों को बहुत सुंदर नाम दिए गए हैं, कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली जो भारत की चार महान नदियों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो लाखों लोगों को जीवन देती हैं। ये नए फ्लैट्स इसलिए बनाए गए क्योंकि सांसदों के लिए आवास की कमी थी। सीमित जमीन होने के कारण यहां ऊंची इमारतों का निर्माण किया गया जिससे जगह का बेहतर इस्तेमाल हो और रखरखाव का खर्च कम हो। हर फ्लैट करीब 5 हजार स्क्वायर फीट के कारपेट एरिया का है जिसमें सांसदों के रहने के साथ उनके दफ्तर, स्टाफके



कमरे और सामुदायिक केंद्र की सुविधा भी है। सभी इमारतें भूकंप रोधी हैं और सुरक्षा के लिए मजबूत इंतजाम किए गए हैं। फ्लैट्स को सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट ने करीब 550 करोड़ रुपए की लागत से बनाया है।

### नए फ्लैट्स में आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी

नए बने फ्लैट्स का यह कॉम्प्लेक्स पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें ग्रीन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है जिससे यह पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा बचाने वाला है। प्रोजेक्ट को जीआरआईएचए 3 स्टार रेटिंग के मानकों और 2016 के नेशनल बिल्डिंग कोड के नियमों के अनुसार बनाया गया है।

### निर्माण में नई तकनीक का इस्तेमाल

इन फ्लैट्स में मोनोलिथिक कंक्रीट और एल्यूमिनियम शटरिंग का इस्तेमाल किया गया जिससे बिल्डिंग मजबूत बनी और समय पर काम पूरा हुआ। यह कॉम्प्लेक्स दिव्यांग हितैषी है ताकि सभी लोग आसानी से इसका उपयोग कर सकें।

# मुख्य सचिव का भरतपुर दौरा: पर्यटन, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों की जमीनी जानकारी ली

## केवलादेव अभ्यारण्य से लेकर आरबीएम अस्पताल तक, सफाई व्यवस्था व सुविधाओं के सख्त निर्देश

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

जयपुर, 11 अगस्त। अराजस्थान के मुख्य सचिव सुधांशु पंत रविवार को भरतपुर पहुंचे, जहां उन्होंने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों, अस्पतालों और विकास परियोजनाओं का जमीनी निरीक्षण किया। उन्होंने केवलादेव नेशनल पार्क, लोहागढ़ किला और सीएफसीडी प्रोजेक्ट सहित कई स्थलों का भ्रमण कर प्रगति की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने सुबह केवलादेव नेशनल पार्क का दौरा कर झीलों में भरे पानी और जैव विविधता को निहारा। उन्होंने पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने और आकर्षक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।



**आरबीएम अस्पताल में सफाई पर नाराज़गी, मरीजों का जाना हाल :** अचानक आरबीएम अस्पताल पहुंचकर उन्होंने वार्डों और शौचालयों की सफाई व्यवस्था पर नाराज़गी जताई और सुधार के निर्देश दिए। मरीजों से सीधे संवाद कर उनके इलाज और सुविधाओं की जानकारी ली। नि:शुल्क दवा योजना की स्थिति का भी निरीक्षण कर दवा उपलब्धता सुनिश्चित करने के आदेश दिए। जघीना गेट के पास चल रहे सीएफसीडी कार्य की प्रगति पर उन्होंने बरसात के बाद तेजी से काम पूरा करने को कहा, ताकि शहर में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

**लोहागढ़ किला और गंगा मंदिर का सौंदर्यकरण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश :** लोहागढ़ किले में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने धार्मिक और पर्यटन स्थलों के विकास को प्राथमिकता देने पर बल दिया। गंगा मंदिर और अन्य ऐतिहासिक स्थलों के सौंदर्यकरण को निर्धारित समय में पूरा करने की बात कही।

## रक्षाबंधन पर दिया कुमारी ने डॉ. प्रेमचंद बैरवा को बांधी राखी



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह के पावन पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर शनिवार को उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के राजकीय आवास पर उनको उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्नेहपूर्वक रक्षासूत्र बांधा। इस अवसर पर उन्होंने इस पर्व को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का उत्सव बताते हुए समाज में प्रेम, सौहार्द और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

## संस्कृतिक मंत्रालय का विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 14 अगस्त को

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** 1947 में देश के विभाजन के कारण करोड़ों लोगों ने अपार कष्ट, सदमा और विस्थापन झेला। इस विभाजन से हुई अपार मानवीय क्षति, वेदना का स्मरण करवाने व नई पीढ़ी विशेषकर विद्यार्थियों को शांति, एकता व सुलह के मूल्यों का लाभ समझाने व जीवन में इन्हें आत्मसात करने के लिए प्रेरित करने हेतु केन्द्र सरकार गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मना रही है। केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय लोगों को जागरूक करने तथा उस विभीषिका से हुए नुकसान के बारे में समझाने के लिए राष्ट्रीय सेमिनार, प्रदर्शनी, साइलेन्ट मार्च, विभीषिका से बचे लोगों के साथ संवाद आयोजित कर रहा है।

## विधान सभाध्यक्ष ने द्वारका स्थित नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने रविवार को सपरिवार द्वारका में स्थित पवित्र नागेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना का सौभाग्य प्राप्त किया। नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक, श्रद्धालुओं के लिए आस्था, आध्यात्मिक शांति और दिव्य शक्ति का अद्वितीय केंद्र माना जाता है। मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर श्री देवनानी ने समस्त प्रदेश और देशवासियों के सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि भगवान महादेव की असीम कृपा और आशीर्वाद से सभी के जीवन में शांति, सद्भाव और समृद्धि का संचार हो।

### कंज्यूमर केयर अभियान

## 3 दिन में 332 फर्मों की जांच में वसूला 5.77 लाख जुर्माना

### रक्षाबंधन पर उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

जयपुर, 11 अगस्त। रक्षाबंधन के अवसर पर उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और सही माप-तौल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा 6 से 8 अगस्त तक चलाए गए त्रिदिवसीय कंज्यूमर केयर अभियान में सख्त कार्रवाई की गई। अंतिम दिन, विभागीय टीमों ने 113 फर्मों का निरीक्षण किया, जिनमें डिब्बाबंद वस्तुओं के नियम उल्लंघन पर 14 फर्मों और बिना सत्यापन प्रमाणपत्र/सत्यापित बाट-माप पाए जाने पर 59 फर्मों के खिलाफ मौके पर ही नोटिस जारी कर 1,75,000 का जुर्माना लगाया। इस दौरान कुल 332 फर्मों में जांच की गई। जिसमें से 234 फर्में नियमों का उल्लंघन कर रही थी। डिब्बाबंद वस्तुओं के नियम उल्लंघन 64 फर्में, बिना सत्यापन प्रमाणपत्र/सत्यापित बाट-माप करने वाली 170 फर्मों से कुल 5,77,500 जुर्माना वसूला गया है। यह अभियान व्यापारियों को सही माप-तौल के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को उनके मूल अधिकारों की जानकारी देने के लिए चलाया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को खरीदी गई सेवाओं और वस्तुओं की गुणवत्ता, मानक, मात्रा और सही माप-तौल प्राप्त करना उनका विधिक अधिकार है।

उपभोक्ता हैल्पलाइन एयरलाइन, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, दवा, बिजली, खाद्य पदार्थ, पेट्रोलियम, बीमा और टेलिकॉम समेत विभिन्न क्षेत्रों में शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करती है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अधिकारों के उल्लंघन पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं।

## ई-नाम पोर्टल पर बिक्री को बढ़ावा: 'कृषक उपहार योजना' में बड़ा संशोधन

### ई-पेमेंट करने वाले किसानों को मिलेगा उपहार कूपन

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** राज्य सरकार ने किसानों को पारदर्शी और सुरक्षित डिजिटल माध्यम से कृषि जिंसों की बिक्री के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में 'कृषक उपहार योजना' में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी दे दी है। अब इस योजना का लाभ केवल उन किसानों को मिलेगा, जो ई-नाम पोर्टल के माध्यम से अपनी उपज बेचते हुए ई-पेमेंट से भुगतान प्राप्त करेंगे।

**सिर्फ ई-पेमेंट पर मिलेगा उपहार कूपन :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को कृषि विपणन विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार, अब उन्हीं किसानों को उपहार कूपन जारी किया जाएगा, जिनकी बिक्री ई-नाम पोर्टल पर दर्ज हो और भुगतान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से हुआ हो। पहले ई-नाम पर विक्रय पर्चियों के आधार पर भी कूपन मिलते थे, लेकिन अब यह सुविधा केवल ई-पेमेंट से जुड़ी बिक्री पर ही लागू होगी।

**हर 10 हजार पर कूपन, हर 6 माह में बड़ा इनाम :** संशोधित योजना के तहत, ई-पेमेंट से प्राप्त कृषि उपज विक्रय की प्रति 10,000 रुपये एवं उसके गुणकों पर उपहार कूपन ई-नाम सॉफ्टवेयर से जारी होगा। प्रत्येक छह माह में मंडी स्तर पर ड्रॉ निकाला जाएगा, जिसमें 50,000 रुपये का प्रथम, 30,000 रुपये का द्वितीय और 20,000 रुपये का तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा।

## युवा संवाद एवं केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर कार्यशाला

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की अहम भूमिका है। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अलवर में युवा भारत के तत्वावधान में आयोजित युवा संवाद एवं केंद्र प्रवर्तित फ्लैगशिप योजनाओं पर कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

**सरकारी योजनाओं से जोड़ने का आह्वान :** सुशासन, विकास और अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में सरकारी योजनाएं महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें और उन्हें लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें नवाचार एवं कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। माई भारत पहल का उद्देश्य युवाओं को देश निर्माण, स्किल ट्रेनिंग, रोजगार और वॉलंटियर गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि राज्य बजट में युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप विशेष रूप से कौशल विकास पर फोकस किया गया है।

## वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग : एनसीआर में वायु प्रदूषण पर बनेगी सख्त रणनीति

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और उसके निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सुधार एवं प्रदूषण नियंत्रण के लिए को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में शासन सचिवालय, जयपुर में उच्चस्तरीय बैठक हुई।

बैठक में एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिए पहले दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा की गई। वर्मा ने कहा कि वायु प्रदूषण जनस्वास्थ्य और सतत विकास से जुड़ा गंभीर मुद्दा है, जो श्वसन रोग, हृदय संबंधी बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ावा देता है। उन्होंने जैव सामग्री जलाने पर नियंत्रण के लिए राजस्थान सरकार के प्रयासों की सराहना की और निर्माण कार्य, औद्योगिक इकाइयों, वाहनों के उत्सर्जन व कचरे के अनुचित निस्तारण पर सख्त निगरानी की जरूरत पर बल दिया। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि प्रदेश सरकार वायु गुणवत्ता सुधार को शीर्ष प्राथमिकता दे रही है और आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन किया जाएगा। एनसीआर में प्रतिबंधित वाहनों की एंट्री रोकने के लिए वाहन मालिकों/चालकों को मोबाइल मैसेज भेजे जाएं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्पष्ट साइन बोर्ड लगाकर राजधानी में नहीं जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्ग की ओर निर्देशित किया जाए, जिससे ईंधन, समय और प्रदूषण — तीनों की बचत हो। साथ ही, प्रतिबंधित ऑटो रिक्शा और डीजल वाहनों पर निगरानी और आवश्यकतानुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## हैल्प लाइन

### अग्निशमन केंद्र

| | |
|---|---|
| फायर स्टेशन | 101 |
| बनीपार्क | 2201898 |
| बाइस गोदाम | 2211258 |
| घाटगेट | 2615550 |
| वीकेआई क्षेत्र | 2332573 |
| एमआई रोड | 2375925 |

### ट्यूरिस्ट पैलेस

| | |
|---|---|
| आमेर किला | 2530293 |
| बिड़ला तारामंडल | 2385367 |
| सिटी प्लैस | 2608055 |
| हवामहल | 2618862 |
| जंतर-मंतर | 2610494 |
| जयगढ़ किला | 2671848 |
| अल्बर्ट हॉल (संग्रहालय) | 2565124 |
| सिसोदिया गार्डन | 2680494 |
| चिड़िया घर | 2617319 |
| साइंस पार्क | 2304654 |

### पुलिस

| | |
|---|---|
| पुलिस | 100 |
| कंट्रोल रूम (जयपुर) | 2388435-38 |
| ग्रामीण | 2209741 |
| यातायात | 2565630 |

### दुर्घटना सेल

| | |
|---|---|
| पूर्व | 2703992 |
| पश्चिम | 2209040 |
| उत्तर | 2609719 |
| दक्षिण | 2372992 |

### सांस्कृतिक केन्द्र

| | |
|---|---|
| बिड़ला ऑडिटोरियम | 2385224 |
| जवाहर कला केन्द | 2706503 |
| रवीन्द्र मंच | 2619061 |

## ट्रेवल एंड टूरिज़्म फेयर, मुंबई में 11-13 अगस्त को

**जयपुर, 11 अगस्त।** ट्रेवल एंड टूरिज़्म फेयर, भारत के यात्रा उद्योग के लिए एक प्रमुख प्रदर्शनी, 11-13 अगस्त 2025 को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी 11 अगस्त को करेंगी। उपमुख्यमंत्री रविवार दोपहर 3.30 बजे मुंबई एयरपोर्ट पहुंची जहाँ उन्हें और प्रमुख सचिव राजेश यादव को मुंबई में राजस्थान टूरिज्म की जॉइंट डायरेक्टर सीमा यादव ने रिसीव किया । ट्रेवल एंड टूरिज़्म फेयर एक वार्षिक प्रदर्शनी है जो उद्योग पेशेवरों, ट्रेवल एजेंटों, होटेलियर्स, पर्यटन बोर्डों और अन्य हितधारकों को यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में नवीनतम रुझान, उत्पाद और सेवाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक साथ लाती है। इस नेटवर्किंग के अवसर, उद्योग के नेताओं, प्रदर्शकों और समान विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ जुड़ने के अवसर मिलेंगे इसके अतिरिक्त नवीनतम यात्रा रुझान, डिजिटल नवाचारों और गंतव्य विपणन रणनीतियों पर अपडेट मिलेगी।

## राज्यपाल को बालिकाओं और ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधा रक्षासूत्र

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को शनिवार को राजभवन में एस.ओ. एस. बालग्राम की बालिकाओं और ब्रह्माकुमारीज की बहनो ने रक्षाबंधन पर रक्षासूत्र बांधा। राज्यपाल ने इस दौरान कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का पावन पर्व है। यह पर्व परस्पर स्नेह और प्यार के साथ भाइयो द्वारा बहनों की सुरक्षा का संदेश देता है।



# राजस्थान पुलिस की चेतावनी: इनकम टैक्स रिफंड के नाम पर साइबर ठगी का जाल!

## फर्जी ईमेल, लिंक और कॉल से रहें सतर्क, संवेदनशील जानकारी न दें

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तारीख के बाद साइबर अपराधियों ने ठगी का नया जाल बिछाना शुरू कर दिया है। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने नागरिकों को सावधान करते हुए कहा है कि अपराधी टैक्स रिफंड, पैन-आधार लिंकिंग और प्रोफाइल अपडेट के नाम पर लोगों की निजी और वित्तीय जानकारी चुराने की कोशिश कर रहे हैं।

**बचाव के सुनहरे नियम :** सिर्फ आधिकारिक पोर्टल का इस्तेमाल करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अज्ञात अटैचमेंट डाउनलोड न करें। पैन, आधार, बैंक डिटेल, ओटीपी, पासवर्ड किसी से भी साझा न करें। क्यूआर कोड स्कैन सिर्फ भरोसेमंद स्रोत से ही करें।

### शिकायत करने के तरीके

राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध ईमेल, कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें। सतर्कता ही साइबर अपराध से बचने का सबसे प्रभावी हथियार है। साइबर ठगी की आशंका या घटना होने पर राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल हेल्पलाइन नंबर1930 पर या फिर राजस्थान पुलिस साइबर हेल्पडेस्क 9256001930 / 9257510100 के नंबर पर शिकायत कर सकते हैं।

### कैसे फंसाते हैं ठग

1. फर्जी मैसेज और कॉल — टैक्स रिफंड रुके होने, गलत आईटीआर भरने या प्रोफाइल वेरिफिकेशन के बहाने लिंक भेजना।
2. नकली वेबसाइट — आयकर विभाग जैसी दिखने वाली साइट बनाकर पैन, आधार, बैंक अकाउंट, पासवर्ड और ओटीपी लेना।
3. खतरनाक ईमेल अटैचमेंट — फाइल भेजकर मोबाइल या कंप्यूटर को हैक करना।
4. सोशल मीडिया स्कैम — व्हाट्सएप, टेलीग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म पर नकली लोगो और क्यूआर कोड भेजकर तत्काल रिफंड का झांसा देना।



## आज का राशिफल

सोमवार, 11 अगस्त, 2025

- **मेष :** आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपकी योजनाएं आपको बेहतर लाभ देंगी। विद्यार्थीयों ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपके घर अतिथियों का आना-जाना लगा रहेगा। आप अपने काम को लेकर ढील बिल्कुल ना दें, नहीं तो इससे आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।
- **वृष :** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। लेनदेन से संबंधित मामलों को लेकर आप थोड़ा एतियात बरतें। आपकी आर्थिक मजबूत रहने से आपको काफी खुशी होगी। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। पारिवारिक मामलों को लेकर आप किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह मशवरा अवश्य करें।
- **मिथुन :** आज आपको कोई निर्णय सोच समझकर लेना होगा। आप किसी अजनबी की बातों में ना आएं। नौकरी में कार्यरत लोगों को टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई से ज्यादा मेहनत पर ध्यान देंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप किसी नए काम में थोड़ा सोच समझकर हाथ बढ़ाएं।
- **कर्क :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपनी शान शौकत की चीजों पर पूरा ध्यान देंगे। आपके सामने आज कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आप अपने घर का रिनेवेशन भी कराने की सोच सकते हैं। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है।
- **सिंह :** आज आप दवाब में आकर कोई फैसला न लें। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे। यदि आप बिजनेस में मंदी को लेकर टेंशन में थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी। आपको किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है।
- **कन्या :** आज का दिन आपके लिए अपने बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको किसी नई नौकरी का ऑफर आ सकता है। आप यदि किसी काम को लेकर थोड़ा सा तनाव में हो सकते हैं।
- **तुला :** आज आपके लिए दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी, लेकिन बाद में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। भावनाओं में बहकर आप कोई निर्णय न लें। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी भाई और बहनों से खूब पटेगी। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी।
- **वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। कारोबार में जो चुनौतियां आपको लंबे समय से घेरे हुए थी, तो वह भी दूर हो सकती हैं। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने सीनियर्स का पूरा साथ मिलेगा। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें।
- **धनु :** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आप अपने परिवार के सदस्यों को लेकर किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपका कोई प्रोजेक्ट यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तब वह भी शुरू हो सकता है।
- **मकर :** आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आपका किसी नए घर की खरीदारी का सपना पूरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बहकाने की कोशिश करेगा, जिसकी बातों में आप आने से बचें। आप कुछ नई चीजों की खोज करेंगे, जिससे आपकी कला और निखरेगी।
- **कुंभ :** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोग कभी बाहर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं, जिससे उनको बिजनेस में अच्छा फायदा मिलेगा। आपको पार्टनरशिप में भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। माताजी की सेहत को लेकर आपको एहतियात बरतनी पड़ सकती है।
- **मीन :** आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यो से जुडकर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको किसी काम को लेकर भागदौड़ बनी रहेगी, जिससे आपका मन भी थोड़ा परेशान रहेगा। आप अपने घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं, जिसमें परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा।

# रेलवे की हाईटेक सुविधाः पीआरएस हुआ लॉन्च, अब यात्रियों को तुरंत मिलेगी सीट

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्री सुविधाओं में तकनीक का नया आयाम जोड़ते हुए टिकट बुकिंग सिस्टम को अपग्रेड कर न्यू-ऐज पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) लॉन्च किया है। हाईटेक सिस्टम बुकिंग न केवल तेज और पारदर्शी होगी, बल्कि यात्रियों को काउंटर से कई अहम जानकारियां भी तुरंत मिल सकेंगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे में 224 टिकट काउंटर इंस्टॉल, जयपुर मंडल में हैं 50 रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, यह सिस्टम पारंपरिक रिजर्वेशन सिस्टम का मॉडर्न वर्जन है। इसकी शुरुआत पिछले साल की गई थी और देशभर में जोन स्तर पर कर्मचारियों को



इसका प्रशिक्षण दिया गया। अब इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के चारों मंडलों में इसे कुल 224 टिकट काउंटर पर इंस्टॉल कर दिया गया है। इनमें जयपुर मंडल के 50, बीकानेर मंडल के 72 और अजमेर मंडल के 46 काउंटर शामिल हैं। पूछताछ की क्षमता भी बढ़ाई गई है, जिससे पीक सीजन या त्योहारों में भी आसानी से जानकारी मिल सकेगी।

**खास होगी यह नई व्यवस्थाः** तेज प्रोसेसिंग, यूजर-फ्रेंडली इंटरफेस, इंटरनेट बुकिंग जैसे लुक और आसान नेविगेशन, मल्टी-लैंग्वेज सपोर्ट के कारण बुकिंग सुविधाजनक। टिकट बुकिंग, चार्टिंग और पूछताछ अब एक ही स्क्रीन पर। एक साथ कई ट्रेनों में सीट उपलब्धता और सीट की लोकेशन चुन सकेंगे रात्री।

## लाइसेंसी हथियार से युवक पर फायरिंग एफआईआर दर्ज



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** जयपुर के मानसरोवर थाना इलाके में देर रात फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। घायल हर्षवर्धन का एसएमएस अस्पताल में उपचार चल रहा हैं। हर्षवर्धन की ओर से दी गई रिपोर्ट पर मानसरोवर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की हैं।

सीआई मानसरोवर लखन खटाना ने बताया कि वंदे मातरम रोड स्थित चारबाग गार्डन रेस्टोरेंट के पास देर रात कुछ युवकों के बीच पुराने विवाद को लेकर झगड़ा हो गया। घायल युवक हर्षवर्धन निवासी पाली के साथी खुशहाल का विवाद भांकरोटा के लोकेन्द्र गुर्जर से चल रहा था।

दोनों के बीच पिछले कुछ समय से विवाद था लेकिन विवाद शांत हो गया था। लेकिन दो-तीन दिन से दोबारा विवाद हुआ और दोनों ने एक दूसरे को देख लेने की धमकी देना शुरू कर दिया। दोनों युवक अपने साथियों के साथ वंदे मातरम सर्किल पर पहुंचे जहां पर विवाद बढा तो लोकेन्द्र गुर्जर ने अपने पिता की लाइसेंस वाली पिस्टल से फायर कर दिया। जो गोली हर्षवर्धन के कंधे पर लगी। जिस के बाद लोकेन्द्र अपने साथियों के साथ कार से भांकरोटा की तरफ निकल गया जिस की कार को भांकरोटा थाने में तैनात कांस्टेबल प्रवीण ने पकड़ी। लोकेन्द्र गुर्जर से घटना को लेकर पूछताछ की जा रही हैं।

## अखिल भारतीय सर्व समाज सनातन समिति की भव्य तिरंगा वाहन रैली




**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** सर्व समाज सनातन समिति राजस्थान के तत्वावधान में रविवार, 10 अगस्त को सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से एक विशाल तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया।

सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के सामने सुमेर नगर की ओर जाने वाली सड़क पर दुपहिया वाहन चालक तिरंगा झंडा और तिरंगा साफा पहनकर एकत्र हुए। रैली का शुभारंभ जयपुर की लोकप्रिय सांसद मंजू शर्मा, जयपुर ग्रेटर की मेयर सौम्या गूजर एवं संत प्रकाश दास महाराज के प्रेरक संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने उपस्थित जनसमूह में जोश और देशभक्ति की लहर पैदा कर दी। दुपहिया वाहन दल पंक्तिबद्ध होकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए एसएफएस मध्यम मार्ग, सिटी पार्क, वीटी रोड, रिद्धि सिद्धि चौराहा, गोपालपुरा चौराहा और टोंक रोड होते हुए रामबाग चौराहे से मुड़कर अमर जवान ज्योति पहुंचे।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने सभा को संबोधित किया। कार्यकारिणी अध्यक्ष मेघेन्द्र शर्मा ने रैली संचालन में योगदान देने वाली एबीएस-4 टीम (कमलेश टांक, ललित चाँदकोटिया, विवेक गोयल, गिर्राज शर्मा, पारस जैन, जीतेन्द्र शेखावत, अरुण जोशी, रजनीकांत शर्मा, महेन्द्र शर्मा, अभिनव जोशी, धर्मेन्द्र तिवाड़ी) को धन्यवाद दिया।

## कचरा गाड़ी की टक्कर से युवक की मौत, आक्रोश के बाद मिला 11 लाख मुआवजा व नौकरी का आश्वासन

**सांध्य ज्योति संवाददाता**



**जयपुर, 11 अगस्त।** रक्षाबंधन के दिन जयपुर के जयसिंहपुरा खोर थाना क्षेत्र में नगर निगम की कचरा उठाने वाली गाड़ी ने नायला रोड पर बाइक सवार राम कल्याण सैनी को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग 2 नंबर बस स्टैंड पर धरने पर बैठ गए।

सूचना मिलते ही विधायक बालमुकुंद आचार्य और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। विधायक ने पीड़ित परिवार को 11 लाख रुपये नकद, 20 लाख रुपये कीमत का 100 गज का प्लॉट, एक डेयरी बूथ और परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी देने का आश्वासन दिया। सहायता राशि में 5 लाख नगर निगम की सफाई कंपनी, 5 लाख विधायक और पार्षदों की ओर से तथा 1 लाख व्यापारी निक्की शर्मा की ओर से दिए गए। विधायक ने बच्चों की शिक्षा और विवाह की जिम्मेदारी लेने की घोषणा भी की। एसीपी भोपाल सिंह भाटी ने बताया कि आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच जारी है। आश्वासनों के बाद परिजनों ने धरना समाप्त कर दिया।

## जन्माष्टमी महोत्सवः गोविन्द देवजी मंदिर में स्कूली छात्र देंगे प्रस्तुतियां

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** जयपुर के ठिकाना मंदिर श्री गोविन्द देव जी में इस वर्ष का श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव (उत्सव श्रृंखला 2025) 31 जुलाई से प्रारंभ होकर 17 अगस्त तक चलेगा। भक्तों के लिए यह आयोजन भक्ति, संगीत और सांस्कृतिक उत्सव संगम होगा। इस दौरान एल्पाईन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भक्ति रस के विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। 16 अगस्त जन्माष्टमी उत्सव, 17 अगस्त नन्दोत्सव व शाम 4. 30 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी।



इससे पूर्व प्रतिदिन सुबह मंगला आरती, दोपहर श्रृंगार व संध्या आरती, और रात्रि में विशेष भजन संध्या का आयोजन होगा। विभिन्न दिनों में अमर पुष्प राम संकीर्तन मंडल, श्री गिरिराज मंदिर मंडल, श्री गोविन्द मंदिर मंडल और अन्य मंडल अपनी प्रस्तुति देंगे। मुख्य आयोजन जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि अधिकतम संख्या में पहुंचकर इस भव्य उत्सव में सम्मिलित हों और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## वेतन विसंगति और पदोन्नति सुधार की मांग पर सहकारिता मंत्री व रजिस्ट्रार को सौंपा राज्य स्तरीय ज्ञापन



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** राज्य के सहकारिता निरीक्षकों ने आज जयपुर में संगठित और शांतिपूर्ण तरीके से सहकारिता मंत्री व रजिस्ट्रार को राज्य स्तरीय ज्ञापन सौंपा।

इस ज्ञापन में उन्होंने वर्षों से लंबित वेतन विसंगति समाप्त करने, समयबद्ध पदोन्नति लागू करने, और सेवा शर्तों में सुधार की माँग प्रमुखता से रखी। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया कि सहकारिता निरीक्षकों को अन्य विभागों की तुलना में अधिक कार्यभार और कम संसाधन के बावजूद न तो समय पर पदोन्नति मिल रही है और न ही वेतनमान की विसंगतियों का समाधान। इस स्थिति ने विभागीय मनोबल को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।

जिला स्तर पर भी हुआ कार्यक्रम राजधानी के साथ-साथ, आज प्रदेशभर के जिलों में सहकारिता निरीक्षक संघ की जिला इकाइयों ने जिला सहकारिता अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इन ज्ञापनों में भी राज्य स्तर पर उठाई गई माँगों को दोहराया गया। यह कार्यक्रम सहकारिता विभाग के निरीक्षकों की एकजुटता और संगठनात्मक शक्ति का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया।

## निजी स्कूल पर 1 लाख हर्जाना, नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स के लिए पट्टे जारी करने के निर्देश

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** राजस्थान हाईकोर्ट ने दो अलग-अलग मामलों में महत्वपूर्ण आदेश पारित किए हैं। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने सीकर स्थित एसएम नीमावत पब्लिक स्कूल पर 1 लाख हर्जाना लगाने का आदेश दिया।

मामला 12वीं के छात्र मनीष सैनी का है, जिसके कप्लीमेंट्री परीक्षा फॉर्म में स्कूल प्रशासन ने एक विषय के बजाय सभी विषय भर दिए। अदालत ने कहा, फॉर्म में विषय स्कूल प्रशासन ने भरे, छात्र ने केवल हस्ताक्षर किए। शिकायत के बावजूद उचित कार्रवाई नहीं हुई। सीबीएसई को निर्देश

एक माह में नई अंकतालिका जारी की जाए। केवल मुख्य परीक्षा के चार विषयों के अंक जोड़े जाएं। दूसरी तरफ जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स के लिए चिन्हित जमीन के पट्टे जारी किए जाएं और वर्तमान कोर्ट परिसर के आसपास की खाली जमीन पर भी विचार किया जाए। खंडपीठ ने पूछा, क्या महानगर द्वितीय की तरह महानगर प्रथम कोर्ट बिल्डिंग को भी बहुमंजिला बनाया जा सकता है। बेसमेंट में पार्किंग बनाने की संभावना पर विचार हो। महाधिवक्ता ने कहा कि तकनीकी रिपोर्ट व अन्य अनुमतियों के बाद ही निर्णय होगा। अदालत ने एजी को 6 सप्ताह का समय दिया।

**हाईकोर्ट के आदेशों की मुख्य बातेंः** निजी स्कूल पर 1 लाख हर्जाना, एक माह में नई अंकतालिका, कोर्ट कॉम्प्लेक्स के पट्टे जारी, बहुमंजिला भवन का विकल्प तलाशें, 6 सप्ताह में तकनीकी रिपोर्ट

## गहलोत के सिक्योरिटी ऑफिसर ने दूधवाले को भी बेचा था पेपर

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** सब इंस्पेक्टर-2021 परीक्षा का पेपर लीक कांड इन दिनों अशोक गहलोत के कारण फिर से चर्चा में है। इस कांड में उनके पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर राजकुमार यादव को जांच एजेंसी ने पकड़ा है।

उसने पूछताछ में बताया कि बेटे के दबाव में उसने पेपर खरीदा था। उसने अपने दोस्त कुंदन को पैसा देकर पेपर लिया था। इसके बाद अपने दूध वाले को भी पेपर बेचा था। आरोपी राजकुमार को 8 अगस्त 2025 को पकड़ा गया था। हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार और उनका बेटा भरत यादव 3 दिन की रिमांड पर है।

**दूध वाले का बेटा पास, राजकुमार का फेलः** एसओजी से मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार ने बड़ी रकम कुंदन कुमार को पेपर के लिए दी थी। इस पैसे का बोझ उतारने के लिए उसने अपने दूध वाले को पेपर की बात बताई। दूध बेचने वाले ने खुद के बेटे रविन्द्र सैनी के लिए राजकुमार यादव को पैसे देकर पेपर लिया। राजकुमार ने अपने जानकार सतेंद्र को भी मोटी रकम लेकर पेपर बेच दिया था। राजकुमार के बेटे ने पूछताछ में बताया है कि पिता से पेपर मंगवाया था। इसे पढ़कर ही परीक्षा में पास हुआ। लेकिन फिजिकल में फेल हो गया था वहीं, रविंद्र एसआई बन गया था।

**रविंद्र सैनी को फरार करवाने का आरोपः** दरअसल, एसओजी ने सबसे पहले सतेंद्र को गिरफ्तार किया था। उसने ही पीएसओ राजकुमार यादव के बारे में जानकारी दी थी। एसओजी ने राजकुमार यादव और रविंद्र सैनी को पूछताछ के लिए मुख्यालय आने के लिए कहा था। इस दौरान ट्रेनी एसआई रविन्द्र सैनी ने राजुकमार यादव को फोन पर पूछा था कि आगे क्या करना है। तो यादव ने उसे फरार होने की सलाह दी। उसके बाद से रविंद्र फरार है।

## अस्पतालों को नहीं मिले बकाया 900 करोड़ रुपए

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** आरजीएचएस में इलाज और पेमेंट को लेकर सरकार और निजी अस्पतालों के बीच हुए समझौते के बाद भी न तो मरीजों को ही पूरा लाभ मिल पा रहा है और ना ही अस्पतालों को पैसा। नतीजतन अस्पताल जाने वाले मरीजों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर निजी अस्पताल संचालकों की ओर से रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। इसमें कहा कि सरकार वादा नहीं निभा रही, अब इसके लेकर दुबारा से बात की जाएगी। अगर मांगें नहीं मानी गई तो 20 अगस्त से पूरी तरह आरजीएचएस में काम बंद कर देंगे।

## वीर तेजा मंदिर धाम की पद यात्रा आज रवाना

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** वीर तेजा फाउण्डेशन राजस्थान द्वारा श्रीवीर तेजा मंदिर धाम की 13 वीं पद यात्रा 11 अगस्त को सुबह 6,15 बजे रवाना होगी। फाउण्डेशन के सचिव हीरानन्द कटारिया ने बताया कि पद यात्रा रात को बंधे के बालाजी पहुंचेगी रात्रि विश्राम यही रहेगा दूसरे दिन के बालाजी से रवाना होकर नरेना से आगे डूडी होटल मै रात्रि विश्राम रहेगा। यात्रा तीसरे दिन रवाना होकर सुरसुरा तेजाजी धाम पहुंचेगी 14 अगस्त को सुबह प्रसादी के साथ झंडा अवरोहण करेंगे। तेजाजी महाराज के चरणो में अर्पित करेंगे यात्रा के संयोजक अम्बालाल कटारिया ने बताया कि यात्रियों के लिए खाने पीने आवास की व्यवस्था फ्री होगी। यात्रा गाजे बाजे के साथ 11 अगस्त को रवाना होकर 13 अगस्त को सुरसुरा धाम पहुंचेगी।

## औषधीय राखी से के साथ गौसेवा और प्रकृति संरक्षण का संकल्प



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता, पिंजरा पोल गौशाला के मंत्री विवेक लड्ढा, कृषि मंत्री शंकर सोनी एवं वेद विद्यालय के बटुक आचार्य नितिन कुमार शर्मा के सानिध्य में आज काल भैरव भगवान की पूजा-अर्चना कर उन्हें राखी बांधी। इसके उपरांत पवित्र वनस्पतियों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और गौ माता को गुड़ खिलाकर, उनके गले में गोबर से निर्मित औषधीय राखी बांधकर गौ-सेवा व संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पार्टी एवं क्षेत्र के सभी लोगों को भी गोबर की बनी राखियां पहनाई, जिससे समाज में गौ-संवर्धन, पर्यावरण बचाव और भाईचारे का संदेश प्रसारित हो।

## आचार्य ज्ञानमूर्ति दिवाकर शास्त्री के सान्निध्य में श्रावणी उपाकर्म आयोजित



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** सावन की पूर्णिमा के पावन अवसर पर गालव ऋषि की तपोस्थली गलता तीर्थ में आचार्य ज्ञानमूर्ति पंडित दिवाकर शास्त्री के सान्निध्य में वैदिक ब्राह्मणों ने विधिवत श्रावणी उपाकर्म निष्ठापूर्वक किया।

पंडित दिवाकर शास्त्री ने बताया कि श्रावणी पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला यह पर्व आत्मशुद्धि, प्रायश्चित और ज्ञान की प्राप्ति का प्रतीक है। इस दिन ब्राह्मणो अपने यज्ञोपवीत को भी बदलते हैं, जो हमें सद्मार्ग, परोपकार और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने के संकल्प की भी याद दिलाता है। इस दिन ऋषियों का स्मरण व पूजन भी किया जाता है। जिन ऋषियों ने हमें शास्त्र के माध्यम से जीवन जीने की शैली प्रदान की। वैदिक ब्राह्मणो शास्त्र अध्ययन के संकल्प को भी दोहराने, आध्यात्मिक मार्ग पर चलने एवं परमात्मा की प्राप्ति का दृ ?निश्चय करते हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय कथावाचक सतीश शास्त्री, महंत नारायणदासजी, हरिवल्लभ अवस्थी, दिनेश तिवारी, स्वामी गोविंदाचार्य, भूपेंद्र शुक्ल, आशीष तिवारी, भगवताचार्य नीरज आदि मौजूद रहे।

## लायन्स क्लब जयपुर का राष्ट्रपति भवन व संसद भ्रमण

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 11 अगस्त।** लायन्स क्लब इंटरनेशनल के 108 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लायन्स क्लब जयपुर हवामहल ने दो दिवसीय राष्ट्रपति भवन व संसद भवन भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को प्रेस्टीजियस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया गया और आगामी कार्यक्रम हेतु उन्हें सपरिवार जयपुर आमंत्रित किया गया। क्लब अध्यक्ष अंकित खंडेलवाल व एडमिनिस्ट्रेटर कैलाश खंडेलवाल ने इसे क्लब की राष्ट्रीय पहचान को सशक्त बनाने वाला कदम बताया।



संयोजक अनूप खंडेलवाल व धर्मेश सक्सेना ने कहा कि यह लोकतांत्रिक संस्थाओं को नजदीक से समझने का अनमोल अवसर रहा। जिसे उन्होंने स्वीकार किया। सदस्यों ने नई संसद, पुरानी संसद, सेंट्रल हॉल और राष्ट्रपति भवन का भ्रमण किया तथा संसद की लाइव कार्यवाही देखी। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद सी.पी. जोशी, मंजू शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर क्लब के 1008 सामाजिक कार्यों की जानकारी साझा की। प्रतिनिधिमंडल में पुनीत खंडेलवाल, आनंद अग्रवाल, सोनम खंडेलवाल, नवनीत सोगानी, डॉ. हिमांशु पारिक, मुकुल भार्गव सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।


**विज्ञापन व समाचार के लिए सम्पर्क करें**

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण में सी - स्कीम, श्याम नगर, सिविल लाईस, वैशाली नगर, चित्रकूट, निर्माण नगर, अजमेर रोड वासी अपने क्षेत्र के समाचार वर्गीकृत विज्ञापन, सजावटी विज्ञापन तथा विज्ञापन बुकिंग काउंटर के लिए सम्पर्क करें।

**सुरेन्द्र मारवाल**
मारवाल पब्लिसिटी
मारवाल हाऊस, हवा सड़क,
सिविल लाइन्स, जयपुर-302006
मोबाइल : 93144-33020

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण हेतु राजापार्क एरिया के समाचार सकंलन एवं विज्ञापन बुकिंग के लिए सम्पर्क करें

**मौलिक एडवरटाइजिंग एजेन्सी**
एस-28, सरदार भवन, वसुन्धरा कॉलोनी, बिग बाजार वाली गली, टोंक रोड,
जयपुर 302018
फोन : 2703404
मो. 9828164559
फैक्स नं. 0141-2707338

**चौमूं**
विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
**मनीष यादव**
**यादव एडवरटाइजिंग एजेन्सी**
सांध्य ज्योति दर्पण
धोली मण्डी, तनिष्का आयुर्वेदिक के पास, चौमूं
मो. 9667902742

**अपने प्रियजनों की स्मृति में श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि, तीये की बैठक और शोक संदेश के विज्ञापन मय फोटो साइज 5|4 सेमी मात्र 500/- रु. में प्रकाशित करायें।**



**पाठकों को सलाह**

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई भी व्यवहार करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच अवश्य कर लें, क्योंकि सांध्य ज्योति दर्पण विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार-पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।



**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड बयाना**

क्रमांकः 934 दिनांकः 30.07.2025

**निविदा सूचना संख्या : 11/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड बयाना में भवन/सड़क निर्माण कुल 03 कार्य दोष निवारण के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in** एवं **www.sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाइट **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

**NIB No.: PWD2526A2327**
**UBN No.: 1. PWD2526WSOB08539 (Rs. 29.25 Lakhs)**

अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि. खण्ड बयाना

डीआईपीआर/सी/11191/2025



**कार्यालय उप वन संरक्षक, भरतपुर**
**Collectrate Campus Bharatpur**
**E-mail: dcf.bhp.forest@rajasthan.gov.in, फोनः 05644-222488**

**निविदा सूचना संख्या 11/2025-26**

इस वन मण्डल अधीन रेंज नदबई नाका डहरा मोड़ पर इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में रेंज कार्यालय भवन निर्माण कार्य कराया जाना है। भवन निर्माण कार्य कराये जाने बाबत सक्षम श्रेणी में निर्माण विभाग राजस्थान सरकार (सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी आदि) के पंजीकृत एवं पात्र संवेदकों से **https://eproc.rajasthan.gov.in** के माध्यम से खुली ई-निविदाएं (तकनीकी एवं वित्तीय) आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक | अनुमानित राशि लाखों में | यू.बी.एन. नंबर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रेंज नदबई नाका डहरा मोड़ पर रेंज कार्यालय भवन निर्माण कार्य गगवाना से टोहिला तक | 29.7.2025 से 8.8.2025 तक | 22.70 | FOR2526 WSOB01138 |

निविदा से सम्बन्धित शर्तें **http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in** एवं विभागीय बेवसाइट पर तथा किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

(मानस सिंह)
उप वन संरक्षक भरतपुर

डीआईपीआर/सी/10974/2025

## आज का दिन

भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम सं. 2082, शक संवत् 1947, हिजरी 1447, तद्नुसार अंग्रेजी दिनांक 11 अगस्त, सन् 2025 ईस्वी। वार- सोमवार, सूर्य-उत्तरायण, ऋतु-ग्रीष्म

## सम्पादकीय

# टैरिफ वारः समाधान बातचीत से निकाला जाए

**सीजफायर** और टैरिफ को लेकर डॉनल्ड ट्रंप के दावों-आरोपों का भारत ने अभी तक जो भी जवाब दिया, उसमें भाषा नम्र और सांकेतिक रखी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान इस मायने में अलग और अहम है कि ट्रंप का नाम उन्होंने भी नहीं लिया, लेकिन इस बार जवाब ज्यादा सख्त था। यह स्पष्ट संकेत है कि भारत अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। कोई भी बातचीत बराबरी के स्तर पर होनी चाहिए। अपने मन मुताबिक डील करने में नाकाम रहे ट्रंप ने भारत की इकॉनमी को 'डेड' बताया था। राजनाथ सिंह ने इसी का जवाब देते हुए कहा- कुछ 'बॉस' भारत से जलते हैं। जिस रफ्तार से देश तरक्की कर रहा है, उससे वे खुश नहीं हैं। यह संयोग नहीं कि रविवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश की अर्थव्यवस्था पर बात की।

*दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की जीडीपी ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा, जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान करीब 3 प्रतिशत है।*

दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की जीडीपी ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा, जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान करीब 3 प्रतिशत है। आईएमएफ के डेटा बताते हैं कि 2024 में भारत ने ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17 प्रतिशत का योगदान दिया और अगले 5 साल में यह आंकड़ा 20 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने सबसे शानदार रिकवरी की और युद्धों व वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी वह बढ़त बनाए हुए है। हकीकत यह है कि खुद अमेरिका की अर्थव्यवस्था इस समय संकट के दौर में है। ट्रंप की नीतियों के चलते अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को वहां महंगाई दर बढ़ने का डर है, जिससे आर्थिक विकास दर पर बुरा असर होगा। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण अगर अमेरिका में मंदी के हालात बनते हैं, तो असर दूसरे मुल्कों पर भी होगा। ट्रेड और टैरिफ पर ट्रंप का सख्त रुख किसी के लिए भी सही नहीं है। आखिरकार इस बढ़े टैक्स की कीमत अमेरिकियों को ही चुकानी पड़ेगी। ऐसे में बेहतर है कि समाधान बातचीत से निकाला जाए। लेकिन, वह बातचीत एकतरफा और अपनी मर्जी थोपने वाली नहीं हो सकती। अपनी ग्रोथ को बनाए रखने के लिए भारत की एनर्जी संबंधी जरूरतें अमेरिका से बिल्कुल अलग हैं। इसी तरह, विशाल किसान आबादी को लेकर भी भारत की कुछ चिंताएं हैं। किसी भी समझौते में इन पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

## विदेशी अखबारों से

# चीन में हलचल तेज, राजनयिक लियू जियानचाओ को हिरासत में लिया

**चीन** के सियासी गलियारों में हलचल तेज है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मामले से परिचित लोगों के हवाले से बताया कि चीनी अधिकारियों ने वरिष्ठ राजनयिक लियू जियानचाओ को जांच के लिए हिरासत में लिया है। अख़बार ने बताया कि लियू को जुलाई के अंत में विदेश यात्रा के बाद बीजिंग पहुंचने पर हिरासत में ले लिया गया था। हिरासत का कारण स्पष्ट नहीं है। लियू कम्युनिस्ट पार्टी के अंतरराष्ट्रीय विभाग के प्रमुख हैं, जो विदेशी राजनीतिक दलों से संपर्क करने वाली एक एजेंसी है और चीन के विदेश मंत्रालय के समानांतर काम करती है। वह मई 2022 से इस पद पर हैं। लियू के वांग यी की जगह बीजिंग के शीर्ष राजनयिक का पदभार संभालने की व्यापक उम्मीद थी। जुलाई 2023 में किन गैंग को उनके पदभार ग्रहण करने के एक साल से भी कम समय बाद अचानक पद से हटा दिए जाने के बाद वांग को फिर से विदेश मंत्री नियुक्त किया गया था। बर्खास्तगी के बाद से किन को सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के ली कुआन यू स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी के एसोसिएट प्रोफेसर अल्फ्रेड वू ने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है। लियू को ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा जा रहा था जो भविष्य में चीनी विदेश मंत्री वांग यी की जगह ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर बीजिंग की कार्रवाई, खासकर उच्च पदस्थ अधिकारियों को निशाना बनाकर, भ्रष्टाचार से लड़ने के उनके दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करके आम लोगों के बीच शी की वैधता और लोकप्रियता को भी बढ़ाती है। वु ने आगाह किया कि हिरासत से जुड़े विवरण अस्पष्ट हैं और शायद कभी उजागर न हों लेकिन उन्होंने कहा कि जब वरिष्ठ चीनी सरकारी अधिकारियों से पूछताछ की जाती है, तो सबसे संभावित कारण भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दे होते हैं।

## प्रेरक प्रसंग

# खुशी का रहस्य

**एक** छोटे से गांव में रवि नाम का एक लड़का रहता था। वह हमेशा दूसरों से बेहतर बनने की होड़ में लगा रहता था। उसे लगता था कि जिसके पास सबसे ज़्यादा चीज़ें होंगी, वही सबसे सुखी होगा। इसी सोच में वह दिन-रात पैसे कमाने और चीज़ें इकट्ठा करने में लगा रहता था। एक दिन, गांव में एक संत आए। उनके प्रवचन सुनने दूर-दूर से लोग आने लगे। रवि भी संत के पास गया। संत ने अपने प्रवचन में कहा, मनुष्य की सबसे बड़ी दौलत संतोष है। रवि को संत की बात समझ नहीं आई। उसने सोचा, यह कैसे हो सकता है? वह संत के पास गया और उनसे पूछा, महाराज, मैं आपकी बात नहीं समझा। संत मुस्कुराए और बोले, पुत्र, कल सुबह तुम मेरे साथ चलना। अगले दिन सुबह, संत और रवि एक सुनसान जगह पर गए। संत ने रवि से कहा, देखो, इस ज़मीन पर कितने सुंदर फूल खिले हैं। क्या तुम इन्हें तोड़कर अपने घर ले जाओगे? रवि ने कहा, नहीं महाराज, ये तो यहीं अच्छे लगते हैं। संत ने फिर पूछा, और यह बहती नदी का पानी? क्या तुम इसे रोककर अपने घर ले जाओगे? रवि ने कहा, नहीं महाराज, नदी का पानी तो बहता ही अच्छा लगता है। तब संत ने रवि से कहा, ठीक इसी तरह, जीवन में कुछ चीज़ें ऐसी होती हैं जिन्हें पाने की बजाय बस उनका आनंद लेना चाहिए। हमें हर चीज़ को अपना बनाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

# संवाद की बजाय संघर्ष का अखाड़ा बनता सदन

**ललित गर्ग**

*विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी, किसानों की समस्याएं और हाल ही में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाये। गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि।*

**बिहार** में वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में गतिरोध जारी है, जिससे कामकाज बाधित हो रहा है। आज संसद का दृश्य सार्थक संवाद की बजाय किसी अखाड़े से कम नहीं लगता। बहस के स्थान पर बैनर, तख्तियां और नारों की गूंज सुनाई देती है। संसद जहां नीति निर्माण होना चाहिए, वहां प्रतिदिन कार्यवाही स्थगित हो रही है। यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, एक राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। जब एक ओर सरकार संवाद से बच रही है और दूसरी ओर विपक्ष केवल दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामें बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। विपक्ष और सत्ता के बीच जारी इस टकराव में बहस के बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरुआत उम्मीदों से भरी थी, नए विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा, विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र। विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी, किसानों की समस्याएं और हाल ही में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाये। गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि। ये सब विधेयक केवल कानून नहीं हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े ज्वलंत प्रश्न हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, विपक्ष सार्थक बहस से भाग रहा है या बहस में अड़ंगा डाल रहा है। सत्ता पक्ष भी कोई बीच का रास्ता निकालता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। दोनों की यह रस्साकशी देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य को कमजोर कर रही है। कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। लेकिन, इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ रहा है। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पिछले वर्षों में इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं।

विपक्ष चाहता है कि सरकार एसआईआर पर चर्चा कराए। लेकिन, सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है। दोनों पक्ष नियमों के सवाल पर अड़े हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि ये नियम सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाए गए हैं, न कि कामकाज ठप्प कराने के लिए। मानसून सत्र शुरू होने के पहले ही अंदाजा था कि एसआईआर पर हंगामा होगा।



इसके पीछे विपक्ष की अपनी आशंकाएं हैं। शुरुआत से ही यह प्रक्रिया विवादों में रही है। आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, इसमें कई पेच फंसे हैं। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इसमें 65 लाख नाम हटाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की पूरी जानकारी मांगी है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें। आम नागरिक संसद से समाधान की उम्मीद करता है, न कि शोरशराबा। जब लाखों युवा रोजगार की बाट जोह रहे हैं, किसान कर्ज में डूब रहे हैं, और आमजन महंगाई से त्रस्त है, तब संसद में ठहाके नहीं, तकलीफों की चर्चा जरूरी है। यह सवाल अब बार-बार उठ रहा है कि क्या संसद केवल दिखावटी बन गई है? अगर सरकार विपक्ष को केवल बाधा मानकर चलती है और विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है, तो लोकतंत्र की आत्मा मरती है। जैसाकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, संसद को ठप्प करना आसान है, लेकिन संसद को चलाकर देश की उम्मीदों को साधना ही असली लोकतंत्र है। चुनाव आयोग एसआईआर की जरूरत को बता चुका है और शीर्ष अदालत ने भी उसे माना है। यह जरूरी भी है, क्योंकि भ्रष्ट वोटरों से चुनी जाने वाली सरकारें भी भ्रष्ट ही होती है। इसलिये चुनाव की इस विसंगति की सफाई होना जरूरी है, इस पर चर्चा की मांग को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है तो बातचीत से इसका हल निकालना होगा ताकि संसद का कामकाज सुचारुरूप से चल सके। लोकतंत्र में सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। लेकिन इसमें विपक्ष का सहयोग भी अपेक्षित होता है, दोनों को अपना यह दायित्व समझना चाहिए।

संसद का हर सत्र, हर मिनट करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलता है। हर व्यवधान लाखों रुपये की बर्बादी है। यह नैतिक रूप से भी चिंताजनक है कि जनप्रतिनिधि बहस से अधिक हंगामे में समय गंवा रहे हैं। समाधान यही है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की बात सुने, संवाद को प्राथमिकता दे। विपक्ष भी रचनात्मक विरोध करे, अनावश्यक बहिष्कार से बचे। लोकतंत्र बहस से ही मजबूत होता है, बहिष्कार से नहीं। वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा होनी चाहिए। जरूरी विधेयकों पर बहस होनी चाहिए। संसद को संकल्प का मंच बनना चाहिए, संग्राम का नहीं। जब तक संसद जनहित के सवालों पर गूंजेगी नहीं, तब तक लोकतंत्र अपंग ही रहेगा। जैसा कि डॉ. राधाकृष्णन ने कहा था- संसद केवल कानून बनाने का स्थान नहीं, यह राष्ट्र के विवेक की आवाज है।' लेकिन जब यह विवेक ही हंगामे में दब जाए, तो संविधान की आत्मा कराह उठती है। आज जरूरत है कि संसद को नई दिशा, नया दृष्टिकोण और नई मर्यादा मिले। संसद की गरिमा केवल आसनों से नहीं, आचरण से बनती है। संसद में वही नेता दिशा दे सकते हैं, जो अपने निजी या दलगत हित से ऊपर उठकर राष्ट्रहित की सोच रखते हैं। जब तक संसद के सदस्य यह नहीं समझेंगे कि वे जनता के प्रतिनिधि हैं, न कि अपने दल के प्रचारक, तब तक दिशा भटकती रहेगी। विपक्ष लोकतंत्र की आंख है। लेकिन जब यह आंख केवल अंधविरोध में अंधी हो जाए, तो लोकतंत्र की दृष्टि धुंधली हो जाती है। विपक्ष को सद्बुद्धि दे सकता है, जनता का दबाव। जब जनता यह स्पष्ट रूप से जताए कि उसे रचनात्मक, नीति आधारित विपक्ष चाहिए न कि नारेबाज नेता, तब विपक्ष को भी सुधरना पड़ेगा। विपक्ष को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या वह जनता की लड़ाई लड़ रहा है या केवल सत्तालोलुप राजनीति कर रहा है? मीडिया को चाहिए कि वह हंगामे को महिमामंडित करने के बजाय, नीति और तर्क आधारित बहस को आगे बढ़ाए। संसद में विवाद होना लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन वही विवाद अगर दिशा विहीन हो जाए, तो वह कमजोरी बन जाता है। आज जरूरत है कि संसद की गरिमा को पुनर्स्थापित किया जाए, विपक्ष अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाए और सरकार भी अहंकार छोड़कर संवाद को अवसर दे।

# दो जुझारू नेताओं का निधन

**बीएन गुर्जर**

*साल 1944 में अविभाजित बिहार के हजारीबाग में जन्मे शिबू सोरेन के संघर्ष की शुरुआत अल्पायु में ही हो गई थी। उनके पिता सोबरन सोरेन की हत्या कर दी गई, क्योंकि उन्होंने आदिवासी इलाकों में फैले महाजनों के आतंक के खिलाफ आवाज़ उठाई थी। पिता के संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए शिबू सोरेन ने भी महाजनी प्रथा के खिलाफ़ आवाज़ उठाई और धान कटनी आंदोलन चलाया। उन्होंने आदिवासियों को जागरुक किया कि धान लगाने वाला ही धान काटेगा और इस पर महाजनों का कोई अधिकार नहीं है।*

**भारतीय** राजनीति से दो दिनों में दो कद्दावर नेताओं का निधन बड़ी शून्यता कायम कर गया है। 4 अगस्त को शिबू सोरेन का निधन हुआ और 5 अगस्त को सत्यपाल मलिक का। सोरेन और मलिक दोनों की राजनीति के तौर-तरीके अलग थे, दल अलग थे, विचारधारा अलग थी। लेकिन मिज़ाज दोनों का एक ही तरह का था, जुझारू, अक्खड़पना, जमीन से जुड़ाव और गांधी की भाषा में कहें तो अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति की फिक्र दोनों नेताओं की राजनीति के केंद्र में रही। शिबू सोरेन आदिवासियों के बड़े नेता थे, उन्हें झारखंड के लोग केवल दिशोम गुरु (समाज का गुरु) ही नहीं कहते हैं, बल्कि भगवान की तरह मानते हैं। सत्यपाल मलिक का जनाधार बेशक शिबू सोरेन की तरह नहीं रहा, लेकिन उन्होंने भी गरीब, वंचित पीड़ित लोगों के हितों को तरजीह दी। शिबू सोरेन और सत्यपाल मलिक में सबसे बड़ी समानता यह रही कि सत्ता के साथ रहते हुए जी हुजूरी नहीं की और सत्ता के खिलाफ रहे तो खौफ नहीं खाया। साल 1944 में अविभाजित बिहार के हजारीबाग में जन्मे शिबू सोरेन के संघर्ष की शुरुआत अल्पायु में ही हो गई थी। उनके पिता सोबरन सोरेन की हत्या कर दी गई, क्योंकि उन्होंने आदिवासी इलाकों में फैले महाजनों के आतंक के खिलाफ आवाज उठाई थी। पिता के संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए शिबू सोरेन ने भी महाजनी प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई और धान कटनी आंदोलन चलाया। उन्होंने आदिवासियों को जागरूक किया कि धान लगाने वाला ही धान काटेगा और इस पर महाजनों का कोई अधिकार नहीं है। 70 से 80 के दशक में ये आंदोलन बहुत बड़ा हो गया, इसने झारखंड के किसानों, कामगारों और काश्तकारों को एकजुट किया, आदिवासियों को शोषण के खिलाफ खड़े होने की हिम्मत दिलाई। इसी वजह से शिबू सोरेन को झारखंड के लोगों ने दिशोम गुरु की उपाधि दी। कई सालों तक शिबू सोरेन ने आदिवासियों के लिए रात्रि पाठशाला चलाई ताकि दिन भर अपना-अपना काम निपटाने के बाद आदिवासी पढ़ पाएं। शिक्षा के अलावा शराब और नशे से आदिवासियों को दूर करने की कोशिश भी शिबू सोरेन ने की। 1980 में पहली बार सांसद बनने के बाद जब उन्होंने संसद में भाषण दिया तो शराब के विरोध में बोले।

शिबू सोरेन ने सामाजिक सुधार के साथ 1973 में राजनीति में कदम रखा, विनोद महतो और कामरेड एके राय के साथ मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की। अविभाजित बिहार में प्राकृतिक संसाधनों का खजाना लिए दक्षिण के 26 जिलों को मिलाकर एक झारखंड राज्य बने, ऐसी कल्पना उन्होंने की। लंबे संघर्ष और राजनैतिक उठापटक के बाद आखिरकार 2000 में झारखंड राज्य बना, साथ में छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड भी बने। हालांकि झारखंड निर्माण के बाद कई बार राजनैतिक अस्थिरता बनी। इस दौरान शिबू सोरेन कभी लोकसभा, कभी राज्यसभा, कभी विधानसभा के सदस्य बनते रहे। विभिन्न दलों के साथ उनके वैचारिक, सैद्धांतिक टकराव हुए। दिल्ली की सत्ता पर बैठे लोगों के साथ उन्होंने समझौते भी किए, लेकिन इन सबके बीच आदिवासियों के हितों के उद्देश्य से गुरुजी एक बार भी नहीं भटके। आठ बार लोकसभा सांसद, दो बार राज्यसभा सांसद, दो बार विधायक बनने वाले शिबू सोरेन ने केन्द्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री जैसे पद संभाले, हालांकि कई तरह के मामले-मुकदमों और राजनैतिक उठापटक में वे अपना कार्यकाल कभी पूरा नहीं कर पाए। आज जब सत्ता पर किसी भी तरह बैठना ही कई नेताओं का अंतिम लक्ष्य बन गया है, तब शिबू सोरेन जैसे नेताओं के जीवन को याद करना चाहिए, जिन्होंने सत्ता से पहले नागरिकों का ख्याल रखा।

सत्यपाल मलिक का भी राजनीतिक जीवन पांच दशक लंबा रहा। 1968-1969 में छात्र राजनीति से शुरुआत करते हुए श्री मलिक किसान नेता चौधरी चरण सिंह के करीब आए और 1974 में चुनावी राजनीति में उतरे। बागपत से विधानसभा का चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने। इसके बाद वे चौधरी चरण सिंह के साथ ही लोक दल में शामिल हो गए, उन्हें पार्टी का महासचिव बनाया गया। सत्यपाल मलिक 1980 में लोक दल की ओर से ही राज्यसभा पहुंचे। 1984 में वे कांग्रेस में शामिल हो गए थे। कांग्रेस ने उन्हें 1986 में एक बार फिर राज्यसभा पहुंचाया। बोफोर्स मामला उठने के बाद मलिक वी पी सिंह के नेतृत्व वाले जनता दल में शामिल हुए, 1989 में सांसद बने और केन्द्रीय राज्य मंत्री भी। इसके बाद 2004 में सत्यपाल मलिक भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। राजनीतिक उथल-पुथल, सत्ता के खेल इन सबको मलिक ने करीब से देखा, कई बार उनमें प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर शामिल हुए। जिस पार्टी के साथ रहे, उससे मतभेद भी हुआ। लेकिन भाजपा में नरेन्द्र मोदी का शासनकाल शुरु होने पर जिस तरह उनके मतभेद सामने आए, वे सर्वाधिक चर्चित हुए। पुलवामा हमले पर मोदी सरकार ने उन्होंने जो हमला बोला, उसकी काफी चर्चा हुई। बहरहाल, सत्यपाल मलिक ने खुलासा किया था कि उन्होंने सरकार से कहा था कि जवानों को हवाई मार्ग से भेजा जाना चाहिए, लेकिन उनकी सलाह नहीं मानी गई। इसके अलावा उन्होंने सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। इससे पहले किसान आंदोलन, महिला पहलवानों का जंतर-मंतर पर धरना, अग्निवीर पर फैसला, भूमि अधिग्रहण विधेयक इन सब पर उन्होंने सरकार की मुखालफत की।

# अमर, अकबर, एंथनी जैसी हो जाएगी भारत-रूस और चीन की तिकड़ी

**आशीष शुक्ला**

**अमेरिका** भारत पर गुरुवार से व्यापार में 25 प्रतिशत और टैरिफ लगाने वाला है। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी कहा है कि भारत अगर रूस से तेल और हथियार खरीदना जारी रखता है तो टैरिफ और अधिक हो सकता है। मंगलवार को अपनी धमकी दोहराते हुए उन्होंने 24 घंटे के अंदर टैरिफ बढ़ाने की बात कह दी। भारत में स्वाभाविक ही इससे चिंता है। सवाल है कि ट्रंप अपने कहे पर अड़े रहे तो क्या होगा?

पहले रूस की बात कर लें। भारत अपना 85 प्रतिशत तेल आयात करता है। इसका 35 प्रतिशत फिलहाल वह रूस से ले रहा है। सोचिए, आज का भारत किस पर आश्रित है? यह उस मुल्क पर आश्रित है, जो आपकी शर्तों पर तेल मुहैया करवाता है। पैसे भी आपकी ही करंसी में लेता है। जहां तक हथियारों का सवाल है, हमने हमेशा रूस की उंगली थामी है। क्यों? क्योंकि वह उसकी तकनीक भी साझा करता है। अमेरिका की तरह इससे इनकार नहीं करता। ऑपरेशन सिंदूर में हम एस400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की तारीफ कर रहे थे, यह रूस से ही भारत को मिला है। फिर मिसाइल हों, टैंक हों, मेड इन इंडिया में भारत के साथ कंधे से कंधा मिला कर रूस खड़ा है।

अमेरिका कहता है ऐसे दोस्त को छोड़ दो। भला क्यों? क्योंकि व्यापार में भारत को अमेरिका 44 बिलियन डॉलर (सरप्लस ट्रेड) का फायदा देता है। भारत के साथ अमेरिका का फिलहाल व्यापार करीब 132 बिलियन डॉलर का है। वह कहता है 2030 तक इसे 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचा देंगे। आशय यह है कि अगर बात मान ली, तो शायद टैरिफ की मार हलकी हो जाए। नहीं तो लगेंगे सैंक्शंस। जहां तक रूस से तेल खरीदने का सवाल है, भारत इससे समझौता नहीं करेगा। रूस से तेल भी आएगा और हथियार भी। भारत पर सैंक्शंस तब लगेंगे जब पहले रूस पर नए सैंक्शंस लगें। अभी ट्रंप डांवाडोल हैं। एक-आध दिन में उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ मॉस्को में होंगे। पर्दे के पीछे दोनों महाशक्तियां एक दूसरे से उलझना नहीं चाहतीं।

जहां तक 25 प्रतिशत टैरिफ का सवाल है, इससे सबसे अधिक नुकसान गुजरात के हीरे-जवाहरात के व्यापारी, झींगा के आयात में लगे आंध्र प्रदेश और ओडिशा के सौदागरों को होगा। हजारों की तादाद में नौकरियां जा सकती हैं।

इस नुकसान की भरपाई करने के कई तरीके हैं। एक तरीका छोटे उद्योगों को पांच साल तक ब्याज से मुक्त राशि निर्यात के लिए देकर हो सकता है। जो हमारा सर्विस सेक्टर है, उसकी निर्यात की राशि फिलहाल विश्व में 336 बिलियन डॉलर की है। इसमें अमेरिका का योगदान सिर्फ 14 प्रतिशत है। यहां गुंजाइश है क्योंकि ये टैरिफ के बाहर है। दूसरा उपाय यह हो सकता है कि भारत अमेरिका से ज्यादा सामान खरीदे। वह उस पर कम टैरिफ लगाकर ट्रंप को छाती ठोंकने का मौका भी दे सकता है। ये सेक्टर व्हिस्की, ऑटो आदि हो सकते हैं। जिन खाद्य पदार्थों पर हम 64 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाते हैं, जैसे बादाम, पिस्ता, दालें, कपास, सेब वगैरह-वगैरह, उन्हें कम कर सकते हैं। बदले में अगर वह भारत पर टैरिफ 25 प्रतिशत से घटा देते हैं तो इससे 'ना तुम जीते, ना हम हारे' वाला समीकरण बन सकता है।

## हास्य-व्यंग्य

**आलोक पुराणिक**

# निजी निठल्लापन...

**सरकारी** निठल्लापन नहीं था, वह निजी निठल्लापन था। देश के लगभग सबसे बड़े निजी बैंक के दफ्तर में एक काम से लाइन में लगा था मैं।

सरकारी बैंकों, सरकारी दफ्तरों में निठल्लापन बहुत सहज लगता है। साधो, निठल्लापन सहज भला। सरकारी बैंकों, सरकारी दफ्तरों में बंदा घुसता है, तो निठल्लेपन की मानसिक तैयारी होती है। सिंह साहब चाय पीने गये होंगे। निजी तौर पर सरकारी दफ्तरों, सरकारी बैंकों का माहौल मुझे अठाहरवीं शताब्दी के ढीलेपन की दिलकश याद दिलाता है। तेज-तर्रार निजी बैंकों के दफ्तरों की कंप्यूटर-जनित तेजी तो डराती है मुझे।

पर साहब मेरा डर गायब होने लगा है, निजी बैंक के दफ्तर में बीस मिनट लाइन में लगा रहा, एक बंदा आगे ना खिसका। पूछा तो पता चला कि कंप्यूटर ठप है और पीछे से ठप है। कंप्यूटर एक घंटे बाद सही हुआ, तो कोई गुप्ताजी लाइन से बाहर से अवतरित हुए, आठ-दस फार्म और उनके साथ भरी जानेवाली रकम दे गये।

मैंने नाराजगी में कहा-ये लाइन से बाहर काम तो सरकारी बैंकों में होता था, अब ये निजी बैंकों में भी होने लगा।

गुप्ताजी फुल आक्रामकता से मुखातिब होकर बोले-जी देश तो वो ही है, क्या निजी, क्या सरकारी।

मजा आ गया। मेरा टेंशन कम होने लगा है। अब निजी बैंकों में भी आने-जाने में घबराऊंगा नहीं। अठारहवीं शताब्दी का ढीलू फील का लेने के लिए हाल तक मैं डाकखानों में, सरकारी बैंकों में जाता रहा हूं, अब निजी बैंकों के दफ्तर भी जाया करुंगा।

मैंने निवेदन किया निजी बैंक के ब्रांच मैनेजर से कि उस दीवार पर पान की पीक भी थोड़ी डलवा दें, तो सरकारी दफ्तर का पूरा फील आ जायेगा।

भविष्य में अगर हथियार व्यवस्थाएं ठप-बंद कंप्यूटर आधारित हो गयीं, तो क्या होगा।

मुझे भविष्य का एक सीन दिखायी दे रहा है-कारगिल बार्डर पर भारत-पाक सैनिक आमने सामने हैं, फायरिंग कंप्यूटरों के जरिये होनी है। कंप्यूटर पीछे से ठप हैं, दोनों साइड से ही, तो नो फायरिंग। दोनों साइड के बंदे बोर हो गये हैं। चल गाना सुना दे,बोर हो रहे हैं। हार-जीत का फैसला चलो अंत्याक्षरी से होगा।

ठप-बंद कंप्यूटरों का अहिंसा में यह एतिहासिक योगदान होगा।

# भारतीय महिला फुटबॉल टीम का शानदार प्रदर्शन

## म्यांमर को हराकर एएफसी अंडर-20 एशिया कप के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला अंडर 20 फुटबॉल टीम ने 10 अगस्त को यांगून के थुवुन्ना स्टेडियम में महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर ग्रुप डी के अपने तीसरे और आखिरी मुकाबले में म्यांमार की टीम को 1-0 से हराने में कामयाब रही। इस जीत के साथ भारतीय महिला फुटबॉल टीम लगभग 2 दशक के बाद पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई भी कर गई है। भारतीय महिला अंडर 20 टीम का क्वालीफायर राउंड में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है जिसमें वह आखिरी मैच में जीत के साथ ग्रुप-डी में 7 अंकों के साथ पहले नंबर पर पहुंच गई है।



### पूजा के एकमात्र गोल ने दिलाई जीत

म्यांमार के खिलाफ मुकाबले में भारतीय महिला अंडर-20 टीम को जीत दिलाने में पूजा के एकमात्र गोल ने अहम भूमिका निभाई। पूजा का ये गोल मुकाबले के 7वें मिनट में आया था।

पहले हाफ के दौरान भारतीय टीम ने अपना दबदबा बनाकर रखा हुआ था। इसके बाद दूसरे हाफ में म्यांमार टीम की तरफ से वापसी की कोशिश तो की गई लेकिन वह गोल करने में कामयाब नहीं हो सकी। भारतीय महिला फुटबॉल अंडर-20 टीम ने इससे पहले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट में साल 2006 में क्वालीफाई किया था।

### थाईलैंड में साल 2026 में खेला जाएगा टूर्नामेंट

एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट साल 2026 में थाईलैंड की मेजबानी में खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने भी जुलाई महीने में एएफसी महिला एशियाई कप 2026 के लिए अपनी जगह को पक्का किया था। भारतीय महिला अंडर 20 फुटबॉल टीम ने क्वालीफायर राउंड में इंडोनेशिया के साथ जहां गोलरहित ड्रॉ खेला था तो वहीं तुर्कमेनिस्तान को एकतरफा 7-0 से मात दी थी। अभी भारत के ग्रुप में शामिल म्यांमार के कुल चार अंक हैं और उसे तुर्कमेनिस्तान से मुकाबला खेलना बाकी है और उसमें यदि वह जीत हासिल भी करती है तो उसके अधिकतम 5 अंक हो सकते हैं।

# प्रेमा और राधा के प्रयास नहीं आए काम, भारत ए महिला टीम हारी

## ऑस्ट्रेलिया-ए ने तीसरा टी-20 मैच चार रन से अपने नाम किया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया-ए ने रविवार को मकाय में भारत-ए के खिलाफ तीसरा टी-20 मैच चार रन से अपने नाम किया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए ऑस्ट्रेलिया-ए ने आठ विकेट खोकर 144 रन बनाए। टीम ने 37 के स्कोर पर एलिसा हीली का विकेट गंवा दिया, जिन्होंने 21 गेंदों में एक छक्के और तीन चौकों की मदद से 27 रन बनाए। इसके बाद ताहलिया विल्सन ने 14 रन टीम के खाते में जोड़े, जबकि अनिका लियरॉयड ने 17 गेंदों में 22 रन जुटाए। मैडलिन पेन्ना टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं, जिन्होंने 32 गेंदों में चार बाउंड्री की मदद से 39 रन बनाए। भारत-ए के लिए कप्तान राधा यादव और प्रेमा रावत ने तीन-तीन विकेट चटकाए, जबकि सजीवन सजना ने एक शिकार किया। इसके जवाब में भारतीय टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी। टीम 16 रन तक वृंदा दिनेश (4) और उमा छेत्री (3) का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से शेफाली वर्मा ने राघवी बिष्ट के साथ तीसरे विकेट के लिए 43 रन जुटाते हुए भारत-ए को संभाला। शेफाली 25 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुईं, जिसमें एक छक्का और छह चौके शामिल थे। इसके बाद राघवी ने मिन्नू मणी के साथ चौथे विकेट के लिए 48 रन जुटाते हुए टीम को 100 के पार पहुंचा दिया।



राघवी 25 गेंदों में इतने ही रन बनाकर आउट हुईं, जबकि मिन्नू ने 29 गेंदों में 30 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं। ऑस्ट्रेलिया-ए की ओर से सियाना जिंजर ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाए, जबकि लूसी हैमिल्टन और एमी लुईस एडगर को एक-एक विकेट हाथ लगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सीरीज के पहले मैच को 13 रन से जीतने के बाद अगले मुकाबले को 114 रन से अपने नाम किया था।

# टिम डेविड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ बनाया रिकॉर्ड

## एक साथ 4 प्लेयर्स को छोड़ा पीछे



**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका की टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच इन दिनों तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेली जा रही है। मरारा में खेले गए सीरीज के पहले टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज टिम डेविड ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। आईपीएल 2025 में आरसीबीको चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले टिम डेविड इन दिनों शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ इस मैच में भी 83 रनों की तूफानी पारी खेली। 83 रनों की पारी के दौरान टिम डेविड ने चार चौके और आठ छक्के लगाए। 52 गेंदों की इस पारी के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 159.62 का रहा। इस दौरान वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक टी-20 इंटरनेशनल मैच में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। टिम डेविड ने ऐसा करके एक साथ चार ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर को पीछे छोड़ दिया है। दरअसल इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 मैच में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम था। कई ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने उनके रिकॉर्ड की बराबरी की थी, लेकिन कोई भी इस रिकॉर्ड को तोड़ नहीं सका था। डेविड वॉर्नर ने 2009 में मेलबर्न में 89 रनों की पारी के दौरान 6 छक्के जड़े थे। इसके बाद डेविड हसी ने जोहान्सबर्ग में 2009 में नाबाद 88 रनों में 6 छक्के लगाए थे। 2023 में मिचेल मार्श ने डरबन में 79 रनों की पारी के दौरान 6 छक्के जड़े थे। उस सीरीज में ट्रेविस हेड ने 91 रनों की पारी के दौरान छह छक्के लगाए थे। लेकिन अब टिम डेविड ने 8 सिक्स लगाकर इन सभी को पीछे छोड़ दिया है।

# वेस्टइंडीज ने दूसरे वनडे में पाकिस्तान का किया बुरा हाल, दी करारी शिकस्त

## पाक को पांच विकेट से हराया, तीन मैचों की सीरीज बराबरी पर पहुंची

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में पाकिस्तान को 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों के बीच दूसरा वनडे मैच त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेला गया। बारिश की वजह से ये मुकाबला 37-37 ओवर का हुआ। पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 37 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए थे। बाद में बारिश की वजह से इस टारगेट में बदलाव हुआ और विंडीज टीम को 35 ओवर में 181 का लक्ष्य मिला। इस टारगेट को मेजबान टीम ने 33.2 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर हासिल कर सीरीज में 1-1 की बराबरी की। इसके साथ ही वेस्टइंडीज की टीम छह साल के बाद वनडे में पाकिस्तान को हराने में कामयाब रही।

वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी वनडे 31 मई 2019 को वर्ल्ड कप के दौरान जीता था। मैच की बात करें तो टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान को उनके सलामी बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत दी। 9वें ओवर में सैम अयूब के रूप में उन्हें पहला झटका लगा जब टीम का स्कोर 37 रन था। पहला विकेट गिरने के बाद पाकिस्तान की पारी लड़खड़ा गई। देखते ही देखते पाकिस्तान का स्कोर 88 पर 4 हो गया था।





बाबर आजम इस मैच में अपना खाता भी नहीं खोल पाए, वहीं कप्तान मोहम्मद रिजवान 38 गेंदों पर 16 रनों की धीमी पारी खेलकर आउट हो गए। पाकिस्तान के पिछले मैच के हीरो हसन नवाज ने 30 गेंदों पर 36 रनों की पारी खेल टीम को 171 के स्कोर तक पहुंचाया। हुसैन तलत ने भी 31 रनों का योगदान दिया।

### शेरफेन और रोस्टन की विनिंग पारी

पाकिस्तान की पारी खत्म होने के बाद बारिश की वजह से कुछ देर तक खेल को रोकना पड़ा। डक्वर्थ नियम के तहत वेस्टइंडीज को 35 ओवर में 181 का लक्ष्य मिला। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उनके टॉप 3 बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (1 रन), एविन लुईस (7 रन), केसी कार्टी (16 रन) जल्द ही पवेलियन लौट गए। सलामी बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने के बाद मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाजों ने मोर्चा संभाला। कप्तान शाई होप ने 32 रनों की पारी खेलकर विंडीज को मैच में बनाए रखा।

उनके आउट होने के बाद शेरफेन रदरफोर्ड ने 45 और रोस्टन चेज ने 49 रनों की नाबाद पारी खेल टीम को जीत दिलाई। वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच वनडे सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला 12 अगस्त को इसी मैदान पर खेला जाना है। दोनों ही टीमें उस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी।

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने 1600 मीटर दौड़ से जांची प्लेयर्स की फिटनेस

## नाहिद राणा और मुस्तफिजुर रहमान रहे पहले नंबर पर



**नई दिल्ली।** क्रिकेट के बदलते दौर में खिलाड़ियों की फिटनेस बहुत ही अहम मानी जाती है। प्लेयर्स की फिटनेस चेक करने के लिए यो-यो टेस्ट होता है। लेकिन कई क्रिकेट बोर्ड्स दूसरे तरीके भी अपनाते हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने नए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नाथन कीली के आने के बाद से प्लेयर्स की फिटनेस की जांचने के लिए 1600 मीटर दौड़ और 40 मीटर स्प्रिंट का ऑप्शन चुना है। इसमें कई प्लेयर्स उम्मीदों पर बिल्कुल खरे नहीं उतर पाए। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, तनवीर इस्लाम और शमीम पटवारी को 1600 मीटर की दौड़ को पूरी करने में लगभग 8 मिनट लगे और इन प्लेयर्स ने निराश किया। दूसरी ओर नाहिद राणा सभी को प्रभावित करने में सफल रहे। वह इस दौड़ में हिस्सा ले रहे 22 क्रिकेटर्स में सर्वश्रेष्ठ रहे। उन्होंने 1600 मीटर की दौड़ सिर्फ 5 मिनट 31 सेकंड में पूरी की।

### दूसरे स्थान पर रहे मेहदी हसन मिराज

मेहदी हसन मिराज पहले बैच में दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने 6 मिनट और 1 सेकंड में दौड़ पूरी की। दूसरी तरफ वनडे और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके मुशिफकुर रहीम ने दौड़ 6 मिनट और 10 सेकंड में पूरी की और तीसरे स्थान पर रहे। 15 क्रिकेटर्स वाले दूसरे बैच में तन्जीम हसन साकिब ने दौड़ 5 मिनट 53 सेकंड में पूरी की। प्रीलिमिनरी स्क्वाड में कुल 25 प्लेयर्स शामिल थे, जिन्हें फिटनेस टेस्ट में हिस्सा लेना था, लेकिन इसमें 6 प्लेयर्स शामिल नहीं हो पाए हैं।

# न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने किया सन्यास का ऐलान

## 14 साल के लंबे करियर पर लगाया ब्रेक

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर थैमसिन न्यूटन ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। वह पिछले चार साल से टीम से बाहर चल रही थीं और अब उन्होंने अपने करियर पर फुल स्टॉप लगाने का फैसला किया है। वह 2016 टी-20 विश्व कप और 2017 वनडे विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थीं। अब उनके 14 साल लंबे करियर पर ब्रेक लग गया है। थैमसिन न्यूटन टॉप ऑर्डर में खेलती रही हैं। इसके अलावा वह मिडियम फास्ट बॉलिंग भी करती थीं। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में साल 2015 में डेब्यू किया था और आखिरी मैच साल 2021 में खेला था। इस दौरान उन्होंने कुल 15 मुकाबले खेले, जिसमें 9 विकेट हासिल किए और 22 रन बनाए। वनडे क्रिकेट में न्यूजीलैंड के लिए साल 2016 में डेब्यू किया था। इसके बाद इसी साल पाकिस्तान के खिलाफ वनडे मैच में पहली बार पांच विकेट हॉल हासिल किया था। उस मैच में उन्होंने 19 रन बनाए भी बनाए थे और प्लेयर ऑफ द मैच बनी थीं। वनडे क्रिकेट के 10 मैचों उन्होंने कुल 11 विकेट झटके और 57 रन बनाए। खराब फॉर्म की वजह से वह टीम से अंदर-बाहर होती रही हैं।



### जीता चार बार सुपर स्मैश का खिताब

घरेलू क्रिकेट में भले ही उनका करियर ज्यादा लंबा नहीं रहा हो, लेकिन घरेलू सर्किट में उन्होंने अपनी खूब चमक बिखेरी। उन्होंने 2011-12 में वेलिंगटन के साथ अपने घरेलू करियर की शुरुआत की और 2014 से 2018 तक कैंटरबरी में रहीं। उन्होंने वेलिंगटन के साथ चार बार सुपर स्मैश भी जीता था।

# भारत में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का बड़ा फैसला

## टीम ने भारत में परिस्थितियों का जायजा लेने के लिए ट्रेनिंग कैंप लगाया

**नई दिल्ली।** महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन भारत और श्रीलंका में होना है, जहां कुल 8 टीमों को हिस्सा लेना है। वर्ल्डकप के लिए सभी महिला टीमों ने कमर कस ली है और अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक न्यूजीलैंड महिला टीम ने आगामी वर्ल्डकप के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं और सीएसके एकेडमी में स्पिनर्स के अनुकूल परिस्थितियों में दो हफ्ते का ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया है। न्यूजीलैंड महिला टीम के कोच बेन सॉयर ने कहा कि टीम का विदेश में ये पहला ट्रेनिंग कैंप है और इसका समय बिल्कुल सही है। न्यूजीलैंड में अभी सर्दी है और क्रिकेट नहीं हो रहा है। वहीं वर्ल्डकप शुरू होने में अभी लगभग दो महीने बाकी हैं। हम 7 कॉन्ट्रेक्ट प्लेयर्स और तीन अन्य प्लेयर्स को साथ लाए हैं। लड़कियां भविष्य में भी भारत में खूब क्रिकेट खेलेंगी। यह अनुभव शानदार रहा है। ऑलराउंडर जेस केर, सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और ब्रुक हॉलिडे 7 कॉन्ट्रेक्ट प्लेयर्स में शामिल हैं।

**अर्थ ज्योति**

# स्मार्ट फीचर्स के साथ आ रही है होंडा की पहली इलेट्रिक बाइक

**नई दिल्ली।** जापानी दोपहिया कंपनी होंडा ने हाल ही में अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटर होंडा एक्टीवा-ई लॉन्च किया जो काफी चर्चा में रहा। अब कंपनी ग्लोबल मार्केट में अपनी पहली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल लाने की तैयारी में जुट गई है। सोशल मीडिया पर इसका टीजर जारी किया गया है, जिसमें बाइक को कैमोफ्लेज से ढका गया है।

इसके बावजूद इसके लुक और डिजाइन की कुछ झलक के बारे में जानकारी सामने आई है। माना जा रहा है कि यह बाइक स्टाइलिश और मॉडर्न फीचर्स से लैस होगी जो लोगों को काफी पसंद आने वाली है। होंडा ने अभी अपनी पहली इलेक्ट्रिक बाइक का नाम नहीं बताया है, लेकिन खबर है कि इसे 2 सितंबर को आधिकारिक तौर पर पेश किया जा सकता है।



इसकी तकनीकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। माना जा रहा है कि यह बाइक कंपनी के ईवी फन कॉन्सेप्ट मॉडल पर आधारित हो सकती है। होंडा के टीजर में नई इलेक्ट्रिक बाइक का टीएफटी डैशबोर्ड और एलईडी डीआरएल नजर आ रहे हैं, जिनका डिजाइन ईवी फन कॉन्सेप्ट से मिलता-जुलता है। इसके अलावा टीजर में एलईडी टर्न इंडिकेटर्स, शार्प डिजाइन और छोटी टेल भी दिख रही है, जो इसे स्पोर्टी लुक देती हैं। इससे इसके मॉडर्न स्टाइल का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

### मैकेनिकल फीचर्स

मैकेनिकल फीचर्स में इस बाइक में सिंगल-साइडेड स्विंगआर्म, अप-साइड-डाउन फ्रंट फोर्क्स और पीछे मोनोशॉक सस्पेंशन दिया गया है। इसमें बड़े रियर डिस्क ब्रेक और पिरेली रोसो 3 टायरों वाले 17-इंच पहिये भी हैं। टीजर में एक हमिंग साउंड (गुनगुनाहट) भी सुनाई देती है, जो संभवत: इसकी इलेक्ट्रिक मोटर से आने वाली आवाज है, जिससे इसे खास पहचान मिल सकती है। इसकी कीमत को लेकर अभी खुलासा नहीं किया गया है।

# एसबीआई की एफडी स्कीम में मिल रहा है गारंटीड ब्याज

**नई दिल्ली।** बचत का सबसे भरोसेमंद तरीका आज भी फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी ही माना जाता है। इसमें आपका पैसा सुरक्षित भी रहता है और आपको पहले से तय ब्याज भी मिलता है। ऐसे में अगर आप लंबे समय के लिए निवेश करने की सोच रहे हैं, तो देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक की एक खास स्कीम आपको अच्छा रिटर्न दे सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो रेट को जस का तस रखा है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती हो सकती है, जिससे एफडी की ब्याज दरों में और गिरावट आ जाती, लेकिन इस बार रेपो रेट में कोई बदलाव न होने से एफडी निवेशकों को राहत मिली है।

एसबीआई में 2 साल से लेकर 3 साल से कम अवधि की एफडी पर सबसे ज्यादा 6.45 प्रतिशत ब्याज मिल रहा है, जबकि सीनियर सिटीजंस को 6.95 प्रतिशत वहीं, 5 साल से लेकर 10 साल तक की एफडी पर सामान्य ग्राहकों को 6.05 प्रतिशत और सीनियर सिटीजंस को 7.05 प्रतिशत ब्याज मिलता है। अगर आप एसबीआई में 5 साल की एफडी में 3 लाख रुपए जमा करते हैं, तो मैच्योरिटी पर आपकी यह रकम कुल 4,05,053 रुपए हो जाएगी। दरअसल, इसमें 1,05,053 रुपए सिर्फ ब्याज के रूप में मिलेंगे। वहीं, अगर आप सीनियर सिटिजन हैं, तो मैच्योरिटी पर आपको 4,25,478 रुपए मिलेंगे, जिसमें 1,25,478 रुपए ब्याज की कमाई होगी। यह स्कीम उन लोगों के लिए अच्छा ऑप्शन है, जो कम रिस्क में अच्छा रिटर्न चाहते हैं। रेपो रेट फिलहाल स्थिर है, इसलिए मौजूदा ब्याज दरों का फायदा उठाने का ये सही समय हो सकता है। अगर आपके पास फालतू पड़ा पैसा है, तो इसे एफडी में डालकर पक्का ब्याज कमाना एक समझदारी भरा कदम होगा।

# कमजोर बाजार में 25 प्रतिशत मुनाफा दे गया ये आईपीओ

**नई दिल्ली।** आज एसएमई प्लेटफॉर्म पर बीएलटी लोजिस्टिक के शेयरों ने शानदार लिस्टिंग दी है। इशके शेयर 21 प्रतिशत से अधिक प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए हैं। यानी, इश्यू प्राइस 75 रुपए के 15.95 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 90.95 रुपए के लेवल पर डेब्यू किए हैं। लिस्टिंग के तुरंत बाद शेयरों में और तेजी आई। यह 5 प्रतिशत के अपर सर्किट के साथ 95.49 पर पहुंच गया। हालांकि, यह लिस्टिंग उम्मीदों से थोड़ी कम रही।

असल में ग्रे मार्केट प्रीमियम 25 रुपए था, जो 33 प्रतिशत की लिस्टिंग गेन का संकेत दे रहा था। बीएलटी लॉजिस्टिक का आईपीओ 4 अगस्त को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था, जबकि 6 अगस्त तक निवेशकों ने बोली लगाई। इस दौरान इसे निवेशकों की जबरदस्त समर्थन मिला। यह आईपीओ 3 दिनों में 560.69 गुना सब्सक्राइब हुआ। नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटेगरी में सबसे ज्यादा 1,017.63 गुना बुक हुआ, जबकि रिटेल निवेशकों का हिस्सा 637.20 गुना सब्सक्राइब हुआ। इसके अलावा, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स सेगमेंट को 81.80 गुना सब्सक्राइब किया गया। यह जबरदस्त रिस्पॉन्स कंपनी के प्रति निवेशकों के भरोसे को दिखाता है।

### कंपनी ने जारी किए 12.96 लाख नए शेयर

बता दें कि बीएलटी लॉजिस्टिक का आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश इक्विटी इश्यू था। इसके तहत कुल 12.96 लाख शेयर जारी किए गए। शेयरों की कीमत 71 से 75 रुपए प्रति शेयर तय की गई थी। कंपनी ने इस आईपीओ के माध्यम से 9.72 करोड़ की योजना बनाई थी। आईपीओ का लॉट साइज 1600 शेयरों का था, और व्यक्तिगत निवेशकों को कम से कम दो लॉट के लिए बोली लगानी थी, जिसके लिए 2,27,200 रुपए का निवेश जरूरी था।

# गलती से भी न छुएं इन लोगों के पैर, बन सकते हैं पाप के भागी ...

**हिंदू** धर्म में पैर छूने की परंपरा सदियों पुरानी है। यह बड़ों के प्रति प्रेम, सम्मान और आदर व्यक्त करने का एक पारंपरिक तरीका है। मान्यता है कि पैर छूने से व्यक्ति का भाग्योदय होता है और उसके अच्छे कर्मों में भी वृद्धि होती हैं। इसके अलावा पैर छूने से सकारात्मक ऊर्जा का आदान-प्रदान होता है, जिसका सीधा प्रभाव रिश्तों पर दिखाई देता है। यही नहीं जब भी कोई व्यक्ति अपने गुरुजनों के चरणों का स्पर्श करता है, तो बदले में उसे आशीर्वाद मिलता है, जो सफलता के और निकट पहुंचता है। परंतु सभी के पैर छुने से आपको मनचाहा आशीर्वाद मिले, यह जरूरी तो नहीं। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक पैर छूने का अपना महत्व और नियम है। आप सभी के चरणों का स्पर्श नहीं कर सकते हैं, यह अशुभ है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इंसान को किन लोगों के पैर नहीं छूने चाहिए।

## भूलकर भी नहीं छूने चाहिए इनके पैर

आमतौर पर घरों में सोए या विश्राम की मुद्रा में लेटे हुए लोगों के चरण स्पर्श कर लिए जाते हैं। लेकिन आपको बता दें यह अशुभ होता है। दरअसल, कभी भी किसी लेटे या सोए हुए व्यक्ति के पैर नहीं छूने चाहिए। पौराणिक कथा के मुताबिक भांजे को कभी भी मामा के पैरों का स्पर्श नहीं करना चाहिए। यह अशुभ होता है। कहते हैं कि जब श्रीकृष्ण जी ने कंस का उद्धार किया है, पैर छूने की यह परंपरा तभी से चली आ रही है, जिसे उचित नहीं माना गया है। कहा जाता है कि यदि कोई व्यक्ति अशुद्ध स्थिति या अशौच है, तो भूलकर भी उसके पैरों को नहीं छूना चाहिए। यदि कोई इंसान पूजा-पाठ या माला जाप कर रहा है, तो उसके चरणों का स्पर्श नहीं करना चाहिए।

हिंदू धर्म में कुंवारी कन्याओं को साक्षात् देवी का स्वरूप माना जाता है। अक्सर तीज-त्योहारों पर जहां देवी-देवताओं की पूजा की जाती हैं, वहीं घर की कन्याओं को भोजन कराकर उनके पैर छुए जाते हैं।

परंतु कभी भी कन्याओं से किसी को पैर नहीं छुवाने चाहिए। ऐसा करना आपको पाप का भागी बना सकता है। माना जाता है कि जब से भगवान शिव ने राजा दक्ष का शीश काटा था, तब से दामाद के ससुर के पैर छूने की परंपरा चली आ रही है। हालांकि यह उचित नहीं है। इसलिए दामाद को ससुर के पैर नहीं छूने चाहिए।



# रक्षाबंधन के कितने दिनों बाद उतार सकते हैं राखी ?



**रक्षाबंधन** का पावन पर्व देशभर में मनाया जा रहा है। यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है। हिंदू धर्म में इस त्योहार का विशेष महत्व होता है और यह हर वर्ष श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है।

## रक्षाबंधन के बाद कब और कैसे उतारनी चाहिए राखी ?

राखी को कितने समय तक कलाई पर रखना उचित है। क्या इसे तुरंत उतार देना चाहिए या इसके लिए कोई विशेष धार्मिक परंपरा है?

## जन्माष्टमी तक बांधने की प्रथा

कुछ मान्यताओं के अनुसार राखी को जन्माष्टमी तक कलाई पर बांधे रखना चाहिए।

## 16 दिनों का नियम

ज्योतिष के अनुसार राखी को 16 दिनों तक बांधे रखना अत्यंत फलदायी होता है। पूर्णिमा से अगले 15 दिन और 16वें दिन राखी को बहते जल में विसर्जित करने से भाई की आयु, सफलता और समृद्धि में वृद्धि होती है।

## दशहरे तक पहनने की परंपरा

कुछ परंपरा यह भी है कि राखी को दशहरे तक बांधे रखा जाता है। दशहरा अच्छाई की बुराई पर विजय का प्रतीक है। माना जाता है कि इस दिन तक कलाई पर बंधी राखी भाई के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है और उसे हर प्रकार के संकट से बचाती है।

# पति की लंबी आयु के लिए कजरी तीज करें ये सरल उपाय, पूरी होगी हर इच्छा

**पंचांग** के मुताबिक हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को कजरी तीज का पर्व मनाया जाता है। इस साल 12 अगस्त 2025 को कजरी तीज है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र, तरक्की और सुखी प्रेम जीवन के लिए निर्जला उपवास रखती हैं। मान्यता है कि कजरी तीज पर भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करने से मनचाहा जीवनसाथी और रिश्तों में मिठास आती है। यही नहीं देवी पार्वती की कृपा भी सुहागिनों को प्राप्त होती हैं। यह पर्व मुख्य रूप से उत्तर भारत के राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में मनाया जाता है। यहां सभी महिलाएं एकजुट होकर झूले पर झूलती हैं और कजरी गीत गाकर अपनी भावनाओं को व्यक्त करती हैं। हिंदू धर्म में इसे प्रेम, विश्वास सांस्कृतिक परंपराओं और एकता का प्रतीक माना गया है। इस दिन पार्वती चालीसा का पाठ करने पर वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर और आपसी समझ बढ़ती हैं। ऐसे में आइए इस शक्तिशाली चालीसा के बारे में जानते हैं।

इस साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि 11 अगस्त को सुबह 10 बजकर 33 मिनट पर शुरू होगी। इसका समापन अगले दिन यानी 12 अगस्त को सुबह 8 बजकर 40 मिनट पर है। ऐसे में 12 अगस्त 2025 को कजरी तीज का पर्व मनाया जाएगा।





## कजरी तीज पूजा मुहूर्त

ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:23 बजे से 5:06 बजे तक रहेगा।

विजय मुहूर्त दोपहर 2:38 बजे से 3:31 बजे तक है।

गोधूलि मुहूर्त शाम 7:03 बजे से 7:25 बजे तक होता है।

निशिता काल मुहूर्त रात 12:05 बजे से 12:48 बजे तक रहेगा।

## पार्वती चालीसा

### दोहा

जय गिरी तनये दक्षजे शम्भू प्रिये गुणखानि।

गणपति जननी पार्वती अम्बे! शक्ति! भवानि।

### चौपाई

ब्रह्मा भेद न तुम्हरो पावे, पंच बदन नित तुमको ध्यावे।

षड्मुख कहि न सकत यश तेरो, सहसबदन श्रम करत घनेरो।।

तेऊ पार न पावत माता, स्थित रक्षा लय हिय सजाता।

अधर प्रवाल सदृश अरुणारे, अति कमनीय नयन कजरारे।।

ललित ललाट विलेपित केशर, कुंकुंम अक्षत् शोभा मनहर।

कनक बसन कंचुकि सजाए, कटी मेखला दिव्य लहराए।।

कंठ मंदार हार की शोभा, जाहि देखि सहजहि मन लोभा।

बालारुण अनंत छबि धारी, आभूषण की शोभा प्यारी।।

नाना रत्न जड़ित सिंहासन, तापर राजति हरि चतुरानन।

इन्द्रादिक परिवार पूजित, जग मृग नाग यक्ष रव कूजित।।

गिर कैलास निवासिनी जय जय, कोटिक प्रभा विकासिनी जय जय।

त्रिभुवन सकल कुटुंब तिहारी, अणु अणु महं तुम्हारी उजियारी।।

हैं महेश प्राणेश तुम्हारे, त्रिभुवन के जो नित रखवारे।

उनसो पति तुम प्राप्त कीन्ह जब, सुकृत पुरातन उदित भए तब।।

बूढ़ा बैल सवारी जिनकी, महिमा का गावे कोउ तिनकी।

सदा श्मशान बिहारी शंकर, आभूषण हैं भुजंग भयंकर।।

कण्ठ हलाहल को छबि छायी, नीलकण्ठ की पदवी पायी।

देव मगन के हित अस किन्हो, विष लै आपु तिनहि अमि दिन्हो।।

ताकी, तुम पत्नी छवि धारिणी, दुरित विदारिणी मंगल कारिणी।

देखि परम सौंदर्य तिहारो, त्रिभुवन चकित बनावन हारो।।

भय भीता सो माता गंगा, लज्जा मय है सलिल तरंगा।

सौत समान शम्भू पहआयी, विष्णु पदाब्ज छोड़ि सो धायी।।

तेहि कों कमल बदन मुरझायो, लखी सत्वर शिव शीश चढ़ायो।

नित्यानंद करी बरदायिनी, अभय भक्त कर नित अनपायिनी।।

अखिल पाप त्रयताप निकन्दिनी, माहेश्वरी, हिमालय नन्दिनी।

काशी पुरी सदा मन भायी, सिद्ध पीठ तेहि आपु बनायी।।

भगवती प्रतिदिन भिक्षा दात्री, कृपा प्रमोद सनेह विधात्री।

रिपुक्षय कारिणी जय जय अम्बे, वाचा सिद्ध करि अवलम्बे।।

गौरी उमा शंकरी काली, अन्नपूर्णा जग प्रतिपाली।

सब जन की ईश्वरी भगवती, पतिप्राणा परमेश्वरी सती।। तुमने कठिन तपस्या कीनी, नारद सों जब शिक्षा लीनी। अन्न न नीर न वायु अहारा, अस्थि मात्रतन भयउ तुम्हारा।।

पत्र घास को खाद्य न भायउ, उमा नाम तब तुमने पायउ।

तप बिलोकी ऋषि सात पधारे, लगे डिगावन डिगी न हारे।।

तब तव जय जय जय उच्चारेउ, सप्तऋषि, निज गेह सिद्धारेउ। सुर विधि विष्णु पास तब आए, वर देने के वचन सुनाए।। मांगे उमा वर पति तुम तिनसों, चाहत जग त्रिभुवन निधि जिनसों। एवमस्तु कही ते दोऊ गए, सुफल मनोरथ तुमने लए।। करि विवाह शिव सों भामा, पुनः कहाई हर की बामा। जो पढ़िहै जन यह चालीसा, धन जन सुख देइहै तेहि ईसा।।

# कृष्ण जन्माष्टमी से पहले जरूर लाएं ये चीजें

## जीवन में आएगी सुख-संपन्नता ...



**जन्माष्टमी** से पहले कुछ खास और पवित्र चीजों को घर लाना बहुत शुभ माना जाता है। ऐसा करने से न केवल भगवान कृष्ण की कृपा प्राप्त होती है, बल्कि घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास भी होता है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर वर्ष देशभर में बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की स्मृति में विशेष रूप से मनाया जाता है, जब भक्तगण व्रत रखते हैं, झांकियां सजाते हैं, मंदिरों में भजन-कीर्तन होते हैं और रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म की पूजा कर उनका स्वागत किया जाता है। हर कोना भक्ति और प्रेम के रंग में रंग जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जन्माष्टमी से पहले कुछ खास और पवित्र चीजों को घर लाना बहुत शुभ माना जाता है। ऐसा करने से न केवल भगवान कृष्ण की कृपा प्राप्त होती है, बल्कि घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास भी होता है। यदि आप भी इस बार जन्माष्टमी को खास और शुभ बनाना चाहते हैं, तो इन वस्तुओं को पहले से घर लाकर तैयारियां शुरू कर सकते हैं। आइए जानते हैं वे कौन-कौन सी चीजें हैं।

### लड्डू गोपाल की बाल स्वरूप मूर्ति



भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल की एक सुंदर मूर्ति को जन्माष्टमी से पहले घर लाना बहुत शुभ माना जाता है। इसे घर के मंदिर में स्थापित कर अगर विधि-विधान से पूजा की जाए, तो घर में सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।

### बांसुरी

कृष्ण भगवान की पहचान उनकी प्रिय बांसुरी से भी होती है। जन्माष्टमी से पहले एक सुंदर बांसुरी घर लाकर पूजा स्थान पर रखना अत्यंत शुभ माना गया है। इससे न केवल मन को शांति मिलती है बल्कि घर में भी सकारात्मकता और मधुरता बनी रहती है। चांदी या पीतल की बांसुरी विशेष शुभ मानी जाती है।

### मोर पंख

मोर पंख श्रीकृष्ण के मुकुट का हिस्सा होता है और उन्हें अत्यंत प्रिय है। इसे घर में लाकर पूजा स्थल या मुख्य द्वार पर लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर का वास्तु दोष भी समाप्त होता है।

### गाय और बछड़े की मूर्ति



कृष्ण जी का गहरा संबंध गायों से रहा है। जन्माष्टमी के अवसर पर गाय और बछड़े की मूर्ति लाना शुभ संकेत माना जाता है। इसे घर में रखने से समृद्धि आती है और संतान सुख की प्राप्ति का मार्ग खुलता है। धातु की मूर्ति को पूजा स्थान पर रखना श्रेष्ठ होता है।

### माखन-मिश्री

माखन और मिश्री श्रीकृष्ण को अत्यंत प्रिय हैं। जन्माष्टमी से पहले इन्हें घर में लाकर भोग की तैयारी करनी चाहिए। यह प्रेम, मिठास और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। पूजा में इसका उपयोग करने से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### वैजयंती माला

वैजयंती माला भगवान कृष्ण के गले का एक अहम आभूषण मानी जाती है। इसे घर लाकर कान्हा जी को पहनाने से धन और समृद्धि की वृद्धि होती है। ऐसी मान्यता है कि इसे धारण करने या पूजा में उपयोग करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

### पीले वस्त्र

भगवान श्रीकृष्ण को पीला रंग अत्यंत प्रिय है। जन्माष्टमी से पहले घर में पीले वस्त्र जैसे कि पर्दे, चादरें या पूजा की पोशाक लाना शुभ माना जाता है। इससे मां लक्ष्मी की कृपा भी बनी रहती है और घर में आर्थिक समृद्धि आती है।

### तुलसी का पौधा

तुलसी बिना श्रीकृष्ण की पूजा अधूरी मानी जाती है। इस पर्व से पहले तुलसी का नया पौधा लगाना या पुराने पौधे की सेवा करना पुण्यदायी होता है। तुलसी की पत्तियों के बिना श्रीकृष्ण को भोग भी नहीं लगाया जाता।

### शंख

शंख की ध्वनि नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने वाली मानी जाती है। जन्माष्टमी से पहले घर में शंख लाकर पूजा स्थल पर स्थापित करें और नियमित रूप से उसका उपयोग करें। इससे घर का वातावरण पवित्र और ऊर्जावान बना रहता है।



# रक्षाबंधन के बाद खाटूधाम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़




सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** कस्बे में रक्षाबंधन पर्व के दूसरे दिन भी बाबा श्याम के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। रविवार का अवकाश होने के कारण सुबह से ही मंदिर परिसर के बाहर दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं जो दिनभर बनी रहीं। बाबा श्याम का दिनभर आकर्षक एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया। बाबा के दरबार का दिव्य रूप देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। हारे के सहारा, बाबा श्याम हमारा... तीन बाण धारी की जय से खाटूधाम का वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए श्री श्याम मंदिर कमेटी ने दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए। भीड़ प्रबंधन, पेयजल, छाया और प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन सतर्क रहा।

थानाधिकारी पवन कुमार चौबे के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता तैनात रहा जिसने भीड़ पर लगातार नजर रखने के साथ साथ और दर्शनार्थियों को सुव्यवस्थित ढंग से दर्शन की व्यवस्थाएं की।

दिनभर दूर-दराज़ से आए हजारों श्रद्धालु बाबा श्याम की चौखट पर शीश नवाकर आशीर्वाद लेते रहे। राज्य सरकार द्वारा दो दिन के महिलाओं के लिए नि:शुल्क यात्रा के कारण महिलाओं की खाटू धाम में ज्यादा भीड़ रही।

## निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर कल

सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता निवारण जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 50वां शिविर 12 अगस्त मंगलवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सान्निध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। क्लब अध्यक्ष सीताराम सैनी ने बताया कि नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन और रहने की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। रोगी अपने साथ वोटर पहचान पत्र अथवा राशन कार्ड की कॉपी अवश्य लाएं।

## बोरखण्डी के सरकारी स्कूल के जर्जर कमरे को मॉडल क्लासरूम बनाने के काम का शुभारंभ



सांध्य ज्योति न्यूज

**कोटा।** शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए रोटरी क्लब कोटा नोर्थ ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, बोरखंडी की जर्जर कक्षा को आधुनिक स्मार्ट क्लास में बनाने के काम का शुक्रवार को विधिवत रूप से शुभारंभ हो गया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और लाडपुरा विधायक कल्पना देवी की प्रेरणा से प्रारंभ किये जा रहे इस काम का क्लब के अध्यक्ष रो. विनय अग्निहोत्री एवं सचिव डॉ. आरबी गुप्ता ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर कार्य प्रारंभ कराया। इस अवसर पर कॉर्डिनेटर सुरेन्द्र अग्रवाल, प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज गुप्ता, राजेश वर्मा, बोर्ड मेम्बर चंदन गोयल, स्थानीय पार्षद देवेन्द्र शर्मा, विद्यालय प्राचार्या तेजकरण मीणा, पूर्व सरपंच रामरतन सहित अन्य प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

रोटरी क्लब कोटा नोर्थ के अध्यक्ष विनय अग्निहोत्री ने बताया कि स्कूल भवन के पुराने कमरे का संपूर्ण जीर्णोद्धार कर उसे स्मार्ट क्लास का आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा।

इस कार्य को लगभग एक महीने में पूरा कर लिया जाएगा। इसमें छत की गुनाटिंग, पुट्टी, डिस्टेंपर पेंट से रंगरोगन, पंखे और ट्यूबलाइट्स की फिटिंग की जाएगी। स्मार्ट क्लास की पहचान बनाने के लिए उसमें तीन रंगों वाली 30 आकर्षक टेबल-कुर्सियां, स्मार्ट बोर्ड, यूपीवीसी दरवाजे व खिड़कियां भी लगाई जाएंगी, जिससे यह कक्षा बच्चों के लिए सुविधाजनक और प्रेरणादायक बन सके।

श्री अग्निहोत्री ने बताया कि इस समस्त कार्य का पूरा खर्च रोटरी क्लब कोटा नोर्थ वहन करेगा। इस पहल से न केवल विद्यालय की छवि बदलेगी, बल्कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण भी मिलेगा।

## तिरंगा यात्रा 13 को, भाजपा की बैठक आयोजित



सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** स्थानीय पशु चिकित्सालय के सामने होटल में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष शंकर लाल सीमार झामावास ने बताया की बैठक में निर्णय किया गया की आने वाली 13 अगस्त को खाटूश्यामजी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा स्थानीय तोरण द्वार से रवाना होगी जो पूरे कस्बे में निकाली जाएगी। बैठक में भाजपा जिला कमेटी सदस्य मोहन मावलिया, महेश शेषमा, राम सिंह अखेपुरा, प्रभाती लाल कुमावत के साथ अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खाटूश्यामजी में डॉक्टर्स का किया सम्मान



सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** बाबा श्याम की पावन नगरी के निवासी चिकित्सकीय सेवाएं दे रहे स्थानीय डॉक्टर्स का सम्मान किया गया। बनवारीलाल चौधरी अग्रवाल के नेतृत्व में कस्बे के गणमान्य नागरिकों ने श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में डॉ. भरत सिंह चौहान, डॉ. अविकेश अग्रवाल, डॉ. योगेन्द्र पारीक, डॉ. श्रीराम शर्मा, डॉ. माधव शर्मा, डॉ. अंकित सैन, डॉ. अरूण अग्रवाल, डॉ. राघव गोयल, डॉ. आराध्या अग्रवाल, डॉ. खुशी मित्तल, डॉ. सौरभ अग्रवाल सहित स्थानीय चिकित्सको का साफा पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनन्दन किया गया। यह चिकित्सक खाटूश्यामजी की सरजमीं पर जन्मे हैं और विभिन्न स्थानों पर अपनी चिकित्सीय सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद कुमावत, नगर पालिका के निवर्तमान उपाध्यक्ष पूरणमल हरनाथका, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य श्याम सुंदर शर्मा, शिक्षाविद् श्रीराम शर्मा, प्रसिद्ध भजन गायक पप्पू शर्मा, ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर पुनिया, श्रवण कुमार रूलानिया,पप्पू मिश्रा उपस्थित रहे।

## मिथलेश टांक युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने



सांध्य ज्योति न्यूज

**कोटपूतली।** क्षेत्र के ग्राम सुजातनगर निवासी पंसस प्रतिनिधि युवा कांग्रेस नेता मिथलेश टांक को राजस्थान युवा कांग्रेस में प्रदेश महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया हैं। टांक की नियुक्ति पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका माला व साफा पहनाकर बधाई दी। उपरोक्त नियुक्ति मिलने पर टांक ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब, प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, राष्ट्रीय महासचिव मनीष चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यू पूनियां समेत पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, एआईसीसी सदस्य वैभव गहलोत, कांग्रेस नेता धर्मेन्द्र राठौड़, युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुधीन्द्र मूंड का आभार जताया हैं।


### सांध्य ज्योति दर्पण के संस्करण कार्यालय

**अलवर कार्यालय**
केडलगंज, अलवर,
संपादक सीपी सैनी
फोन : 2335105,

**नागौर कार्यालय**
राजकीय अस्पताल के सामने, नागौर
सम्पादक : रमेश जैन,
फोन : 240071,
फैक्स- 01582-240071

**भरतपुर कार्यालय**
कोतवाली रोड, भरतपुर
संपादक : जगदीश अग्रवाल,
फोन : 223780

### सूचना

जयपुर के आसपास के क्षेत्र में समाचार पत्र प्राप्त करने के लिए एजेंट/ एजेंसी संपर्क करें।
पदमाकर शर्मा
मो. 9462779250, 8875007955

आपके क्षेत्र की समस्या या कोई घटना जिससे जनता प्रभावित हो रही हो ऐसे समाचार आप छपवाना चाहते हैं तो निम्न पते पर भिजवायें या फैक्स, ईमेल करें।
**सम्पादकीय शाखा**
दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण
डी.एल.टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम, संस्थानिक क्षेत्र,
जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
फोन: 2709102/03,
फैक्स: 2709275
ईमेल: sjdjp01@yahoo.co.in
Jyoti.sandhya@gmail.com

### आवश्यक सूचना

*आप अपने क्षेत्र के समाचार / विज्ञापन के लिए हमारे क्षेत्रीय प्रतिनिधि से सम्पर्क करें :*

**जयपुर**
**अमित पारीक**
10/75, चित्रकूट,
वैशाली नगर, जयपुर
मो.- 9829055693

**उदयपुर**
**कलाधर शर्मा**
मो. : 9983826983

**दौसा**
**द्वारका प्रसाद विजय**
मो.: 9414819681

**कोटा**
**योगेन्द्र योगी**
मो. : 9887292174

**चौमूं**
**मनीष यादव**
मो. : 9667902742,
7014880612

**रींगस/ खाटूश्यामजी**
**विद्याधर शर्मा**
मो. : 9413072455

**कोटपुतली**
**मयंक शर्मा**
मो. : 9352106400

**लक्ष्मणगढ़**
**पूनम विशाल**
मो. : 9351274354

**मण्डावर (दौसा)**
**राहुल जोशी**
मो. : 8561935868

**चाकसू**
**रूपनारायण सांवरिया**
मो. : 6376888905

**धौलपुर**
**वेदप्रकाश त्यागी**
मो. : 9351845611


## शहर मंडल की बैठक में हर घर तिरंगा अभियान पर चर्चा



सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** जैन धर्मशाला में भाजपा श्रीमाधोपुर शहर मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर मंडल कार्यकारिणी पदाधिकारी, पार्षद, जनप्रतिनिधि तथा मोर्चा-प्रकोष्ठ के सदस्य मौजूद रहे। मुख्य विषय 'हर घर तिरंगा' अभियान रहा, जिसके तहत स्वतंत्रता दिवस पर शहर के हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष बनवारी लाल यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर तिरंगा वितरित करेंगे और नागरिकों को अभियान से जोड़ेंगे। उन्होंने बताया कि यह अभियान राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करेगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष हरिनारायण महंत, शहर अध्यक्ष नटवर पारीक, शहर महामंत्री विष्णु कुमार मिश्रा, ओमप्रकाश सैनी, मंडल अध्यक्ष भीमाराम जाखड़, पूर्व उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सेठी गोठवाल, पार्षद रोशन लाल बिजारणिया, श्रवण आचार्य, शिवपाल योगी, सीताराम महंत, महावीर प्रसाद ठठेरा, छाजूराम, गुलशन चौहान, मंत्री केसरी नंदन, चंद्र प्रकाश लोकनाथका, बाबू चौधरी, चुन्नीलाल नायक, प्रकाश जैन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई और कार्यकर्ताओं से कहा गया कि वे अपने-अपने वार्डों में जागरूकता अभियान चलाएं।

## हादसे में मौत: ट्रेन की चपेट में आई महिला की 3 दिन बाद हुई शिनाख्त



सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** रेलवे स्टेशन के यार्ड में 7 अगस्त की रात को एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। तीन दिन बाद रविवार को मृतका की शिनाख्त अमरसर के हनुतपुरा निवासी मीना देवी (41) के रूप में हुई है। जीआरपी पुलिस थाना नीमकाथाना के एएसआई मुखाराम ने बताया कि मृतका के पति ओमप्रकाश रैगर ने शिनाख्त की। ओमप्रकाश ने बताया कि उनकी पत्नी पिछले 6 सालों से मानसिक रूप से बीमार थी। ओमप्रकाश संविदा पर सरकारी स्कूल में अध्यापक हैं। उनकी तीन बेटियां हैं। 4 अगस्त को वे और उनकी तीनों बेटियां स्कूल गए हुए थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे स्कूल से छुट्टी होने के बाद जब वे घर पहुंचे तो मीना देवी घर पर नहीं थी। उन्होंने आस-पड़ोस और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। 5 अगस्त को अमरसर पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रविवार को उन्हें सूचना मिली कि श्रीमाधोपुर सीएचसी में एक महिला की लाश शिनाख्त के लिए रखी हुई है। जीआरपी थाना के एएसआई मुखाराम ने बताया कि मृतका की शिनाख्त के बाद श्रीमाधोपुर सीएचसी में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन 2 नवम्बर को



सांध्य ज्योति न्यूज

**कोटपूतली।** सैनी विकास संगठन के तत्वावधान में आगामी 2 नवम्बर को छठा सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर रविवार को प्रथम परिचय सम्मेलन का आयोजन प्रधान संरक्षक देवीसहाय सैनी की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें 5 जोड़ों का पंजीयन किया गया। साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन का गांव-गांव, ढ़ाणी-ढ़ाणी जाकर प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया, जिससे ज्यादा से ज्यादा जोड़ों का रजिस्ट्रेशन किया जा सकें। द्वितीय परिचय सम्मेलन बानसूर में आगामी 24 अगस्त को होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बबलू बबेरवाल, संयोजक रामचंद्र सैनी, संरक्षक रामरतन सैनी, रामूतार सैनी, रामस्वरूप सैनी, उपाध्यक्ष लीलाराम बायलान, गंगाराम सैनी, अशोक कुमार सैनी, उमरावलाल सैनी, संजय सैनी, आनन्द सैनी, प्रमोद कुमार सैनी आदि उपस्थित रहे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए सीनियर महिला टी-20 टीम रवाना, अजमेर के साथ आज होगा पहला मैच



सांध्य ज्योति न्यूज

**गंगापुर सिटी।** राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित जयपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए रविवार को जिला क्रिकेट में सवाई माधोपुर की टी-20 महिला टीम जिला क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर के कोच राजेन्द्र महावर के साथ रवाना हुई। टीम अपना पहला मैच 11अगस्त को अजमेर के साथ जयपुरिया क्रिकेट अकेडमी पर खेलेगी, महीला टीम को डीसीए अध्यक्ष डी. डी. कुमावत, सचिव डॉ. दीपक राज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीकांत जैन, कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल सभी ने टीम को प्रतियोगिता में अपना सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और टीम की कप्तानी श्यामा शर्मा और उप कप्तान ऋषिता मीना को दी गई है। साथ ही अध्यक्ष डी डी कुमावत ने कहा कि किसी से सवाई माधोपुर जिले में बालिका व महिला क्रिकेट को आगे बढ़ावा मिलेगा काफी समय से टीम राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले रही थी। इस अवसर पर मनोज बंसल, शरद माथुर, सूर्य प्रकाश शर्मा,रवि गुर्जर, लोकेश मीणा आर सी ए स्कोरर, अमिताभ सिंह राठौड़,नरेंद्र शर्मा, श्रीकृष्णा शर्मा, जयंत जैन, अमित गुर्जर, नीरज मिश्रा, गौरव राज, गजराज सिंह, विजय पाठक, सलमान खान, सफी पीटीआई, सुरेन्द्र चौधरी चयन समिति सदस्य अमित चौधरी, मो अनीस, एनोस हरमन, आदि सभी ने शुभकानाए दी।

## बालाजी स्टेडियम में 1600 मीटर दौड़ में 200 युवाओं ने लिया हिस्सा



सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** बालाजी सैन्य निशुल्क प्रशिक्षण संस्थान, खेल गांव डेरावाली मैदान पर 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एसबीएन कॉलेज श्रीमाधोपुर के प्राचार्य डॉ. एस. के. जाट ने किया। प्रतियोगिता का आयोजन धारिका इंस्टिट्यूट श्रीमाधोपुर के सौजन्य से हुआ। खेलगांव स्टेडियम कोच एवं भूतपूर्व सैनिक बिरजू सिंह सामोता ने मुख्य अतिथियों के रूप में पहुंचे धारिका कोचिंग सेंटर के निदेशक मनोज भालोठिया तथा शिक्षकों मनोज सैनी, राजेश सैनी, अशोक खेदड़ और सुभाष का स्वागत किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कोच बिरजू सिंह सामोता, बनवारी लाल सामोता, सुत्रलाल सामोता, महावीर गोदारा, सीताराम रोलानिया, गोपाल रोलानिया, मूलचंद बुगालिया बाबूलाल सामोता ने हरी झंडी दिखाकर किया। कोच बिरजू सिंह सामोता ने युवाओं को आर्मी भर्ती अग्निवीर फिजिकल प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नियमित अभ्यास से ही सफलता संभव है। प्रतियोगिता में लगभग 200 युवाओं ने दमखम दिखामा पुरस्कार वितरण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ड्राबाबाली निवासी निर्मल शमी (समय 5.07 मिनट) ने हासिल किया, जिन्हें 1100 रुपए व मोमेंटो प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान हाँसपुर निवासी सवय कुमार सैनी (समय 5.10 मिनट) को 500 रुपए व मोमेंटो मिला। तृतीय स्थान डेरावाली निवासी लकी (समय 5.12 मिनट) को 300 रुपए व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## मेघवाल विकास समिति कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

सांध्य ज्योति न्यूज

**कोटपूतली।** कस्बे के टापरी रोड़ स्थित महिला छात्रावास में मेघवाल विकास समिति ब्लॉक कोटपूतली कार्यकारिणी की बैठक रविवार को समिति अध्यक्ष मदनलाल वर्मा की अध्यक्षता व जिलाध्यक्ष एड. सूबेसिंह मोरोड़िया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। जिसमें पूर्व बैठक में लिये गये प्रस्तावों की क्रियान्विति की समीक्षा की गई। प्रस्ताव सं. 08 तहसील स्तरीय समिति को 07 ब्लॉकों में विभाजित कर अध्यक्ष मनानोनित कर कार्यकारिणी गठित की जायें। जिससे समिति को और अधिक मजबूत किया जा सके। सब ब्लॉक में अध्यक्ष व कार्यकारिणी गठित करने के लिये एक समिति बनाई गई। जिसके सदस्य समिति अध्यक्ष मदनलाल वर्मा, मंच अध्यक्ष जगदीश मेघवाल, पार्षद उमेश आर्य, सिद्धार्थ आर्य, रामनिवास बनका, राजेन्द्र भरत सिंह होंगे। जिन्हें ब्लॉक कार्यकारिणी गठित करने की जिम्मेदारी दी गई।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



सांध्य ज्योति न्यूज

**कुली/दांतारामगढ़।** रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्यौहार को खास बनाते हुए प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में कार्यरत वनस्पति शास्त्र व्याख्याता पंकज कुमावत ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पौधारोपण किया। उन्होंने अपने प्रांगण में दो आम और दो जामुन के पौधे लगाए, जिसमें उनका परिवार भी शामिल रहा। उनका पूरा परिवार समाजसेवा में हमेशा अग्रणी रहा है। उनके पिता पन्ना लाल कुमावत, ग्राम पंचायत कुली के दो बार सरपंच रह चुके है। पौधरोपण में उनकी पत्नी पूजा कुमावत, माता कौशल्या देवी, दादी जमना देवी और छोटे भाई विशाल कुमावत भी साथ रहे। इस अनोखी पहल के तहत कुमावत ने बताया कि एक स्वस्थ पेड़ औसतन प्रतिवर्ष 20 से 25 किलो कार्बन डाइऑक्साइड को सोखकर शुद्ध ऑक्सीजन छोड़ता है।

## शिक्षा सहकारी-समग्र शिक्षा कोटा शहर का सघन पौधरोपण कार्यक्रम आज



सांध्य ज्योति न्यूज

**कोटा।** शिक्षा विभाग कर्मचारीगण सहकारी सभा 696 आर कोटा बारां एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा कोटा शहर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को जगपुरा में सघन पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शिक्षा सहकारी के अध्यक्ष प्रकाश जायसवाल एवं मंत्री जमनालाल गुर्जर ने बताया कि अन्तराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष एवं हरियालो राजस्थान-2 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मंगलवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमती स्नेहलता चड्ढा की देखरेख में समारोह पूर्वक आयोजित सघन पौधरोपण अभियान का आगाज वन विभाग के सिटी प्लांटेशन फेज 2 जगपुरा में आयोजित किया जाएगा। पदाधिकारियों ने पौधारोपण स्थल का अवलोकन किया। स्काउट गाइड, एनसीसी, एनएसएस स्वयं सेवकों, विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं पौधे लगाकर 21000 पौधे लगाकर अभियान को गति देंगे।

## रामायण पाठ व विशाल भण्डारे का आयोजन



सांध्य ज्योति न्यूज

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम सुदरपुरा (ढ़ाढ़ा) स्थित श्री भोमियां जी महाराज मन्दिर में रामायण पाठ व विशाल भण्डारे का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। मंदिर के पुजारी छोटेलाल शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष श्री भोमियां जी महाराज मंदिर में श्रावण मास सम्पन्न होने पर रामायण पाठ एवं विशाल भण्डारे का आयोजन होता है। इस दौरान तंवरावाटी राजपूत समाज जिलाध्यक्ष मातादीन सिंह तंवर, शिवचरण गुप्ता, रघुवीर सिंह, शंकर सिंह, पवन सिंह, शक्ति सिंह, ख्याली मीणा, कमलेश शर्मा, गजेन्द्र सिंह, सोनु सिंह, प्रदीप सिंह, अनिल मीणा, हंसराज शर्मा समेत अनेक श्रद्धालू मौजूद रहें।



आगामी 'गणेश चतुर्थी' उत्सव के लिए मुंबई में लोग भगवान गणेश की मूर्तियों को पंडालों में ले जाते हुए।

### फ्रोजन सीमन बैंक लैब का मंत्री आज करेंगे उद्घाटन

# बछड़ियों के जन्म की दर 90 फीसदी तक बढ़ सकेगी

**जयपुर, 11 अगस्त।** प्रदेश में अब सेक्स सोर्टेड सीमन बैंक के जरिए बछड़ियों के जन्म की संभावना 90 फीसदी तक बढ़ाई जा सकेगी। यही नहीं, इसके जरिए अच्छी नस्ल की गाय तैयार होंगी और दूध की मात्रा भी बढ़ेगी। प्रदेश में पहली बार इसकी शुरुआत बस्सी में सोमवार को होगी। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन (आरसीडीएफ) ने इसके लिए नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) से इस संबंध में एमओयू किया था। इसके लिए बजट में घोषणा की गई थी। बजट घोषणा के महज 5 से 6 माह में ही इसका प्लांट तैयार कर शुरुआत की जा रही है। आमतौर पर नर पशुओं की संख्या को इससे नियंत्रित किया जा सकेगा। नंदी घर की कमी से सड़कों पर घूमते पशुओं की संख्या पर भी धीरे-धीरे लगाम लगेगी। बस्सी के फ्रोजन सीमन बैंक में ही मॉडर्न लैब स्थापित की गई है, जिसमें एनडीडीबी की ओर से अमेरिका से लाई गई दो मशीनें लगाई गई हैं। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत सोमवार को लैब का उद्घाटन करेंगे।



#### प्रदेश का पहला प्लांट

वर्तमान में यहां 123 सांडों से कन्वेंशनल सीमन डोज तैयार होते हैं। अब इसमें नई तकनीक की मशीनें लाकर सेक्स सोर्टेड सीमन डोज तैयार होंगे। इस तरह का इस तरह का प्लांट गुजरात के आणंद में है। प्रदेश का यह पहला है।

#### दूध उत्पादन में होगी वृद्धि

आरसीडीएफ एमडी श्रुति भारद्वाज ने बताया कि बजट घोषणा के बाद जल्द प्लांट तैयार कर इसकी शुरुआत करना चुनौती था। अब इसके तैयार होने के साथ ही दूध के उत्पादन में भी समय आने पर वृद्धि होगी। देश में दूध के उत्पादन में राजस्थान दूसरे स्थान पर है।

# राजस्थान में अब 1 भी सैकंडरी स्कूल नहीं

### 31 अपर प्राइमरी स्कूल सीधे सीनियर सैकंडरी में क्रमोन्नत

#### *अब स्टूडेंट्स को नहीं बदलनी पड़ेगी स्कूल*

**बीकानेर, 11 अगस्त।** शिक्षा विभाग ने तय कर लिया है कि राजस्थान में अब एक भी सैकंडरी स्कूल नहीं होगा, बल्कि अपर प्राइमरी स्कूल के बाद सीधे सीनियर सैकंडरी स्कूल ही स्थापित होगा।

राजस्थान के 31 अपर प्राइमरी स्कूल को सेकेंडरी के बजाय अब सीधे सीनियर सेकेंडरी में क्रमोन्नत कर दिया है। इससे स्कूल में पढ़ रहे स्टूडेंट्स को 8वीं कक्षा के बाद स्कूल नहीं बदलना पड़ेगा। एक बार प्रवेश लेने के बाद स्टूडेंट्स एक ही स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी कर सकेंगे। जिससे



अभिभावकों और बच्चों को 8वीं कक्षा, 10 वीं कक्षा के बाद स्कूल बदलने के झंझट से छुटकारा मिल सकेगा। फिलहाल इन 31 स्कूल में कक्षा 9 और 10 ही शुरू हो सकेंगे, लेकिन अगले साल बिना किसी स्वीकृति के सीधे क्लास 11 व 12 शुरू हो सकेगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिन स्कूलों को क्रमोन्नत किया गया है, उस गांव के बच्चों को अब 8वीं कक्षा पास करने के बाद स्कूल शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उनके गांव में ही स्कूल में पहले 9वीं और 10वीं कक्षा शुरू होंगे और अगले साल 11वीं व 12वीं कक्षा शुरू हो जाएंगे। गहलोत सरकार ने प्रदेश के सभी सैकंडरी स्कूल को एक ही आदेश में सीनियर सैकंडरी कर दिया था। इसके बाद तो सैकंडरी स्कूल से हैडमास्टर का पद ही खत्म हो गया। ऐसे में भविष्य में भी जो अपर प्राइमरी स्कूल क्रमोन्नत होंगे, वो सीधे सीनियर सैकंडरी में ही क्रमोन्नत होंगे।

#### सभी नव क्रमोन्नत स्कूल इसी सत्र में शुरू होंगे

माध्यमिक शिक्षा निदेशक के आदेश में कहा गया है कि सभी नव क्रमोन्नत स्कूल इसी सत्र में शुरू हो जाएंगे। स्वीकृति के वर्ष में कक्षा 9 व 10 को एक साथ प्रारम्भ किया गया है। अगले साल कक्षा 11 व 12 शुरू हो सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर से मान्यता के लिए निर्धारित 4 प्रपत्रों में सूचना की पूर्ति करवाकर मान्यता प्राप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

#### टीचर्स को किया जाएगा समायोजित

इन स्कूल में वर्तमान में कार्यरत प्रधानाध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक को उसके विषय के आधार पर उसी स्कूल में समायोजित किया जाएगा। इसी तरह अपर प्राइमरी के शारीरिक शिक्षक को सीनियर सैकंडरी स्कूल के शारीरिक शिक्षक पद पर समायोजित किया जाएगा। इन स्कूल में कार्यरत लेवल वन व लेवल टू के टीचर्स को फिलहाल इसी स्कूल में रखा जाएगा।

## लॉजिस्टिक कंपनी में निवेश के नाम पर बनाया शिकार

#### 42 लाख से अधिक की ठगी

**जोधपुर, 11 अगस्त।** जोधपुर के उदयमंदिर थाने में परिवादी ने कोर्ट के जरिए अपने साथ में धोखाधड़ी को लेकर मामला दर्ज करवाया है। परिवादी और उसके पार्टनर को दोगुना कमाई का झांसा देकर 42 लाख रूपये से अधिक की ठगी कर ली गई। थाने में कोर्ट के जरिए दर्ज हुए मामले न प्रेम सिंह राजपुरोहित ने बताया कि उसे सुमेर जे भट्ट निवासी जम्मू कश्मीर की ओर से संपर्क किया गया और उसे साउथ नॉर्थ लॉजिस्टिक इंडियन नाम की कंपनी में निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच दिया। इस पर उसने अपने मुंबई निवासी पार्टनर जयंतीलाल चौधरी से बात की। इसके बाद सुमेर भट्ट और उसकी कंपनी के प्रतिनिधि शैलेश रमेश ओटी ने एक मीटिंग भी करवाई जिसमें दोगुना मुनाफा कमाने का प्रलोभन दिया।

इसी प्रलोभन में आकर उन्होंने प्रथम भुगतान के तौर पर 15 लाख रुपए दे दिए। दूसरे भुगतान के तौर पर 27 लाख 80 हजार व तीसरे भुगतान के तौर पर 5 लाख रुपए दे दिए। यह सभी रुपए उनके पार्टनर जयंतीलाल की कंपनी जेबी डेवलपर्स के खाते से ऑनलाइन डाले गए।

## एसआई भर्ती के आवेदन शुरू

#### 8 सितम्बर तक भर सकेंगे फॉर्म

**अजमेर, 11 अगस्त।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की ओर से निकाली गई उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर के 1015 पद के लिए आवेदन आज यानि 10 अगस्त से शुरू कर दिया गया है। इसके लिए आवेदन की लास्ट डेट 8 सितंबर तक है। आयोग ने इसके लिए एग्जाम की डेट 5 अप्रैल 2026 प्रस्तावित की है। बता दें कि साल 2021 में निकाली गई सब इंस्पेक्टर व प्लाटून कमांडर के 859 पदों पर भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोप लगे। एसओजी ने ट्रेनी स्ढ्ढ सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया। फिलहाल इसे रद्द करना है या नहीं, इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसके लिए किसी भी यूनिवर्सिटी से स्नातक की डिग्री, अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे कैंडिडेट्स भी आवेदन कर सकते हैं, लेकिन इंटरव्यू शुरू होने की डेट तक तय योग्यता होना जरूरी है। वहीं कैंडिडेट्स की आयु 1 जनवरी 2026 को न्यूनतम 20 साल और अधिकतम 25 साल होनी चाहिए।

# एक रुपए की बेईमानी साबित करो, राजनीति छोड़ दूंगा: डोटासरा

**सीकर, 11 अगस्त।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- मैं एक किसान का, मास्टर का बेटा हूं। मुझ पर बहुत आरोप लगे हैं। कोई छोटे-मोटे आरोप नहीं लगे हैं। बेटे को नौकरी दिला दी, बहू को नौकरी दिला दी, पेपर लीक किए। ईडी आई और इनकम टैक्स भी आया। क्या पूंछ उखाड़ लिया गोविंद सिंह डोटासरा का? डोटासरा ने रविवार को सीकर में मास्टर प्लान 2041 के विरोध में कृषि उपज मंडी में आयोजित सभा को संबोधित किया। सभा में सर्वसम्मति से निर्णय किया गया कि मास्टर प्लान 2041 के




विरोध में 16 अगस्त को सीकर बंद रखा जाएगा। डोटासरा ने कहा- मैं कहना चाहता हूं चाहे पेपर माफिया हो, चाहे कोई दूसरे माफिया हो, जिसने बेईमानी की है। अगर तुम्हारा गुरु-पीर सच्चा है, तुम में दम है और ताकत है तो उसको सलाखों के पीछे करो।

आरोप कोई भी लगा सकता है। लेकिन जब कोई एक अंगुली दूसरे की तरफ करते हैं तो तीन अंगुली खुद की तरफ होती है। 2 साल से हम मीडिया में सुन रहे हैं कि पेपर माफिया और मगरमच्छों को जेल में करेंगे। करो न कौन मना कर रहा है।

## सेंट्रल जेल में बिगड़ी कैदी की तबियत, डिस्पेंसरी में मौत

#### जेल प्रशासन ने दी परिजनों को सूचना




**जोधपुर, 11 अगस्त।** जोधपुर के रातानाडा थाना क्षेत्र स्थित सेंट्रल जेल में कैद एक बंदी की तबीयत बिगड़ने की वजह से मौत हो गई। इसको लेकर रिपोर्ट जेल प्रशासन की ओर से दी गई है। वही कैदी के परिजनों को भी सूचना दी गई है। जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जेल में बंद कैदी बाबू लुकमान गौरी पुत्र मोहम्मद इशाक निवासी हनुमानजी की भाकरी जोधपुर हाल निवासी पुराने स्टेडियम के सामने वाली गली में रहता था। 10 अगस्त को सेंट्रल जेल में सुबह जेल खोलने के दौरान गिनती करने पर कैदी बाबू लुकमान की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। इस पर जेल की डिस्पेंसरी में ले जाया गया। जेल डिस्पेंसरी के चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## इसरो की ऊंची छलांग

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने पहले रॉकेट को उधार लेने से लेकर एक विश्वसनीय प्रक्षेपण भागीदार बनने तक के अपने उल्लेखनीय सफ़र में एक और अध्याय लिखने के लिए तैयार है। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने इसे भारत की अंतरिक्ष क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण छलांग बताते हुए कहा, अगले कुछ महीनों में, वह देश, जिसे कभी अमेरिका से एक छोटा रॉकेट मिला था, हमारे अपने लॉन्चर का उपयोग करके अमेरिका द्वारा निर्मित 6,500 किलोग्राम का संचार उपग्रह प्रक्षेपित करेगा। इस सफ़र को याद करते हुए, इसरो अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम 1963 में शुरू हुआ था जब अमेरिका ने भारत को एक छोटा रॉकेट प्रदान किया था।

# रेत के धोरों में दिखेगा गोवा सा नजारा

### बीकानेर से 144 किलोमीटर दूर 211 करोड़ खर्च कर जलाशय तैयार

**बीकानेर, 11 अगस्त।** बीकानेर के धोरों पर अगर आपको गोवा जैसा नजारा देखने को मिले तो आप चौंक जाएंगे पर ये सच है। बीकानेर से 144 किलोमीटर दूर 211 करोड़ रुपए से ऐसा जलाशय तैयार किया गया है जिसमें कई झीलें समाहित हो जाएं। रेत के टीलों के बीच बनी झील से गोवा के किसी बीच जैसा नजारा बन रहा है। जो जाता है वो वहां से वीडियो बनाकर लाता है और वो वायरल हो रहे हैं। ये वही झील है जिससे हर घर नल कनेक्शन योजना के लिए पानी दिया जाएगा। झील अब इसलिए चर्चे में आई क्योंकि इसे आधा भर दिया गया है।



आरडी 507 और 750 हेड बीकानेर जिले में हैं। 507 हेड बनकर तैयार है। 2000 एमसीएफटी क्षमता वाला जलाशय आधा भर गया है। यानी करीब 1000 एमसीएफटी पानी एकत्र हो गया। आधा जलाशय भरते ही गोवा के बीच जैसा नजारा देखने को मिलने लगा है। अब लोग वहां दूर-दूर से जाने लगे हैं। इसी झील के पानी से हर घन नल कनेक्शन योजना को सालभर पानी दिया जाना है। संकट में बीकानेर शहर को भी पानी इस जलाशय से मिल सकेगा।

#### भराव क्षमता- 2000 एमसीएफटी

इस जलाशय का बेड लेवल 173.48 मीटर है। एफएसएल ऑफ कैनाल 179.59 मी. फुल रिजर्ववायर लेवल 176 मी. तथा पानी की भराव क्षमता- 2000 एमसीएफटी है। वहीं इस पर 211 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

## अलवर में पुलिस-टीम को बंधक बनाकर पीटने का आरोप

#### पुलिस बोली- नाबालिग को छुड़ाकर भगाया

**अलवर, 11 अगस्त।** मारपीट के मामले में फरार चल रहे नाबालिग को निरुद्ध करने पहुंचे अरावली विहार थाने के एसआई हरिमन मीणा को घर के अंदर बंधक बनाने और एसआई सहित 4 पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया। वहीं आरोपी नाबालिग को छुड़ाकर भगाने का आरोप भी है। घटना शनिवार की है। लेकिन, पुलिस ने मामले को दबाए रखा। अब आरोपी क्ष ने भी पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। वहीं लॉकअप में मारपीट से 41 वर्षीय लवकुश उर्फ लोकेश सिंह राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आनन-फानन में घायल लवकुश उर्फ लोकेश सिंह को सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी राजूसिंह पुत्र श्योदान राजपूत निवासी नयाबास सहित उसके भाई भूपेंद्रसिंह, जितेंद्र सिंह व लोकेश सिंह गिरफ्तार किया है।

## बारिश ने बढ़ाया राजस्थान का जलस्तर, 2024 से अच्छा गुजर रहा 2025

**जयपुर, 11 अगस्त।** राजस्थान में जुलाई 2025 की बारिश ने बीते कई दशकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बीते महीने राज्य में औसतन 285 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य 161.4 मिमी के मुकाबले 77 प्रतिशत ज्यादा है। यह जुलाई 1956 के बाद की सबसे अधिक बारिश रही, जब 308 मिमी वर्षा हुई थी। बीते वर्ष 2024 में भी बारिश अच्छी हुई थी। बीते साल राज्य में 418 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य वर्षा 216 मिमी मानी जाती है। इस तरह राजस्थान को पूरे साल में 60 प्रतिशत से ज्यादा अतिरिक्त बारिश मिली, जो असामान्य वर्षा की श्रेणी में आता है। जानकार बताते हैं कि इस बारिश का सीध असर जल स्तर पर पड़ेगा। 2024 में मानसून से पहले राज्य का औसत जलस्तर 28.83 मीटर की गहराई पर था, जो अब घटकर 23.01 मीटर हो गया है यानी पूर्वी राजस्थान में वर्षा का स्तर 588.7 मिमी तक पहुंच गया, जबकि सामान्य औसत 303 मिमी होता है। वहीं, पश्चिमी राजस्थान में 273 मिमी बारिश हुई, जबकि सामान्य तौर पर 147 मिमी होती है। मानसून के 4 महीनों का विश्लेषण करें तो जून में 91त्न, जुलाई में 101त्न, अगस्त में 221त्न और सितंबर में 191त्न बारिश दर्ज की गई यानी हर महीने ने औसत से अधिक बारिश दी।

## झालावाड़ में दंपती ने पंखे पर फंदा लगाकर कर ली आत्महत्या

**झालावाड़, 11 अगस्त।** झालावाड के सुनेल के घाणा चौक के समीप पाटलिया मोहल्ला निवासी एक दंपति ने अपनी बीमारी के चलते घर के कमरे में पंखे पर फंदा लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके पर एक सुसाइड नोट मिला जिसमें वजह लिखी थी। मृतक के पुत्र जगदीश धाकड़ ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे जब वह उठकर आया तो कमरे में उसके पिता लालचंद धाकड़ (65 वर्ष) और माता सीता बाई (60 वर्ष) दोनों ही पंखे पर झूल रहे थे। वह तुरंत आस-पास के लोगों को बुलाकर लाया। सभी मिलकर दोनों को नीचे उतारा। फिर तेजी के साथ सुनेल चिकित्सालय लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## राजस्थान हाईकोर्ट ने रेपिस्ट आसाराम को अंतरिम जमानत दी

**जोधपुर, 11 अगस्त।** गुजरात और राजस्थान में रेप मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 साल के आसाराम को एक बार फिर राहत मिली है। राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम की ओर से 8 अगस्त को दायर अपील पर आज सुनवाई की। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत 29 अगस्त तक बढ़ा दी है। आसाराम की ओर से वकील निशांत बोड़ा ने हाल की मेडिकल रिपोर्ट्स कोर्ट में पेश की थी। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने भी पिछले दिनों इसी ग्राउंड पर आसाराम की अंतरिम जमानत 29 अगस्त तक बढ़ाई थी। गुजरात हाईकोर्ट की ओर से जारी आदेश से सामने आया था कि आसाराम की ट्रोपोनिन लेवल बहुत ज्यादा है। यह चिंताजनक है। उसका इलाज कर रहे डॉक्टर के अनुसार, आसाराम की स्थिति क्रिटिकल है। वर्तमान में इंदौर के जूपिटर हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती है। राजस्थान हाईकोर्ट के जज दिनेश मेहता और विनीत कुमार माथुर ने उसकी सेहत की जांच को लेकर निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने अहमदाबाद के सरकारी हॉस्पिटल में डॉक्टरों का एक पैनल बनाने को कहा है। इसमें दो हृदय रोग (कार्डियोलॉजिस्ट) विशेषज्ञ भी होंगे। यह डॉक्टरों की टीम आसाराम की बताई गई बीमारियों की पूरी जांच करेगी। खास तौर पर उनके दिल से जुड़ी समस्या की जांच की जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी. एल. टॉवर 3-ए- विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया जेएलएन मार्ग जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित, संपादक महेंद्र कुमार यादव, फोन : 0141-2709102, 2944103,
डाक पं.सं. / जेपीसी/012/2024-26 | आरएनआई नंबर-: 48401/88 Email- sjdjp01@yahoo.co.in, Jyoti.sandhya@gmail.com